
MPHIN/2021/83938






दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल

ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 321 | ग्वालियर , 15 सितम्बर शुक्रवार 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए


## सनातन धर्म को लेकर पीएम मोदी ने भारत गठबंधन पर साधा निशाना तो कांग्रेस का आया ये जवाब

देश में सनातन धर्म पर दिए गए विवादित बयान का मामला तूल पकड़ा हुआ है. तमिलनाडु के मंत्री उदयनिधि स्टालिन ने डेंगू, मलेरिया और कोरोना की तरह सनातन धर्म को भी खत्म करने की बात कही थी तो वहीं उनकी पार्टी डीएमके के वरिष्ठ नेता ए राजा ने सनातन धर्म की तुलना कुष्ठ रोग और एचआईवी से की थी. डीएमके नेताओं के इस बयान को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने ढ्ढ.ह्र.ष्ठ.ढ्ढ पर जमकर निशाना साधा है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को अपनी रैलियों में सनातन धर्म को लेकर



आईएनडीआईए पर कटाक्ष किया तो कांग्रेस ने इसका जवाब दिया है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मध्य प्रदेश के बीना में कहा कि इस (गठबंधन) के लोग उस सनातन धर्म को मिटाना चाहते हैं, जिसने स्वामी विवेकानन्द और लोकमान्य तिलक को प्रेरणा दी. यह गठबंधन) सनातन धम को नष्ट करना चाहते हैं. उन्होंने आज सनातन को निशाना बनाना शुरू कर दिया है, कल वे हम पर हमले बढ़ा देंगे. देश भर के सभी सनातनियों और हमारे देश से प्यार करने वाले लोगों को सतर्क रहना होगा. हमें ऐसे लोगों को रोकना होगा.

## संसद के विशेष सत्र को लेकर बीजेपीकांग्रेस ने कसी कमर, बनाया ये प्लान

केंद्र की मोदी सरकारकी ओर से संसद का विशेष सत्र बुलाया गया है. ये सत्र 18 सितंबर से लेकर 22 सितंबर तक चलेगा. इसे लेकर भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस दोनों दलों ने अपनी कमर कस ली है. संसद के विशेष सत्र को लेकर दोनों पार्टियों ने अपना अपना अलग प्लान तैयार किया है और लोकसभा सांसदों के लिए विशेष रूप से संदेश भी जारी किया है. कांग्रेस ने गुरुवार को अपने लोकसभा सांसदों को संसद के विशेष सत्र के लिए 18 से 22 सितंबर तक सदन में उपस्थित रहने के लिए तीन लाइन का व्हिप जारी किया है. वहीं, इससे पहले भारतीय जनता पार्टी ने भी व्हिप में अपने सांसदों को महत्वपूर्ण विधेयक पर चर्चा करने और सरकार के रुख का समर्थन करने के लिए संसद में मौजूद रहने के लिए कहा है.किसी भी राजनीतिक पार्टियों



का व्हिप एक अधिकार होता है. व्हिप का कार्य संसद में पार्टी अनुशासन सुनिश्चित करना होता है. इसे सचेतक भी बोला जाता है. यह सुनिश्चित करता है कि पार्टी के मेंबर अपनी व्यक्तिगत विचारधारा या अपनी इच्छा के बजाए पार्टी के तय किए फैसलों और नियमों को फॉलो करना है. अगर कोई सदस्य इसे नहीं मानेगा तो पार्टी कार्रवाई भी कर सकती है.

## पाकिस्तान में भारत की तारीफ, जी20 की सफलता पर लोगों ने अपनी हुकूमत को घेरा

भारत में जी-20 शिखर सम्मेलन के सफल आयोजन के लिए दुनियाभर में नई दिल्ली की तारीफ कर रहे हैं. अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन, फ्रांस




के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, ब्रिटेन के राष्ट्रपति ऋषि सुनक समेत दुनिया के कई राष्ट्राध्यक्ष भारत की खुलकर तारीफ कर चुके हैं. यहां तक कि चीन ने भी भारत में हुए जी-20 सम्मेलन को सफल बताया है. इस बीच चौंकाने वाली खबर यह है कि भारत को पानी पी-पीकर कोसने वाले पाकिस्तान में भी अब लोग भारत की प्रशंसा कर रहे है. पाकिस्तान के लोग भारत की तारीफ के साथ-साथ अपने देश में बिगड़ते हालात का रोना भी रो रहे हैं. एएनआई की रिपोर्ट के अनुसार जी-20 शिखर सम्मेलन की सफलतापूर्वक मेजबानी के लिए पाकिस्तान के लोगों ने भारत की प्रशंसा की. एक स्थानीय निवासी ने कहा कि 75 सालों से पाकिस्तान की विदेशी रणनीति में हम नाकाम हो रहे हैं. हमारे पड़ोसी देश में जी 20 की बैठक हो रही है और पाकिस्तान के आवाम को पता तक नहीं है कि पड़ोस में क्या हो रहा है. जी 20 की बैठक पाकिस्तान में होनी चाहिए थी मगर ये भारत में हुई. पाकिस्तान अर्थव्यवस्था और सुरक्षा के हवाले से बहुत पीछे चला गया है.जी-20 शिखर सम्मेलन की सफलतापूर्वक मेजबानी के लिए भारत की प्रशंसा करते हुए पाकिस्तान में लोगों की ओर से कुछ प्रतिक्रियाएं आई. एक स्थानीय निवासी ने कहा कि जब शीर्ष 20 देशों के प्रमुख देश का दौरा करते हैं तो यह देश के लिए सम्मान की बात होती है. इससे भारतीय अर्थव्यवस्था को कई लाभ मिलेगा. आपको बता दें कि भारत की राजधानी दिल्ली में हाल ही में जी-20 शिखर सम्मेलन का आयोजन हुआ था. अमेरिका, फ्रांस, इटली और ब्रिटेन जैसे 30 से ज्यादा देशों के राष्ट्राध्यक्ष और प्रतिनिधि सम्मेलन में हिस्सा लेने भारत आए थे. एक तरफ जहां दुनिया रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर दो धड़ों में बंटी हुई है. खासकर पश्चिम देश रूस से खफा हैं. ऐसे में भारत ने जी-20 के सभी देशों को न केवल साधा, बल्कि नई दिल्ली घोषणा पत्र जारी कर अपनी सफल कूटनीति का लोहा भी मनवाया.


## विनाशकारी बाढ़ ने लीबिया में मचाई तबाही5300 लोगों की मौत, 10 हजार लापता

लीबिया के पूर्वी शहर डेरना में आई विनाशकारी बाढ़ ने तबाही मचा दी है. बताया जा रहा है कि इस बाढ़ में अब तक 5300 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है. जबकि 10 हजार से ज्यादा लोग अभी भी लापता हैं. आपातकालीन सेवाओं में लगे कर्मचारियों ने मंगलवार को ही डेरना शहर के मलबे से 1500 से ज्यादा शवों को बाहर निकाला है. भूमध्यसागरीय तूफान डेनियल के चलते डेरना शहर में दो बांध और चार पुल टूट गए हैं. जिससे शहर का ज्यादातर हिस्सा समंदर में समा गया है. इस बाढ़ के बाद बचाव दल सुनामी जैसे हालातों से जूझकर शवों को बाहर निकालने में लगे हुए हैं. रेड क्रिसेंट के मुताबिक, लगभग 10,000 लोगों के लापता होने की खबर है. इसके साथ ही उन्होंने मरने वालों की संख्या में बढ़ोतरी होने की आशंका जताई है.लीबिया में आई विनाशकारी बाढ़ ने जमकर तबाही मचाई है. जिससे लीबिया कई सालों में उबर पाएगा. एक दशक से अधिक समय से अराजकता झेल रहे और टूट चुके देश में बाढ़ आना उसके लिए किसी बड़ी चुनौती से कम नहीं है. ऐसे में कई देश लीबिया की मदद के लिए आगे हैं. बाढ़



की मार से जूझ रहे लीबिया की मदद के लिए अमेरिका, जर्मनी, ईरान, इटली, कतर और तुर्की आगे आए हैं. रविवार रात को आई इस बाढ़ में कारें कागज की कश्ती की तरह बहती दिखीं. 89 हजार आबादी वाले इस शहर की सड़के मलबे में बदल गई है. सोशल मीडिया में सामने आ रहे फोटेज में एक अस्पताल के बाहर दर्जनों शव कंबल से ढके दिखाई दिए. एक अन्य तस्वीर में शवों से भरी एक सामूहिक कब्र दिखाई दी. पूर्वी लीबिया के स्वास्थ्य मंत्री के मुताबिक, 1,500 से अधिक शव निकाले गए हैं जिनमें से आधे शवों को को मंगलवार शाम तक दफना दिया गया. वहीं अधिकारियों ने मरने वालों की संख्या कम से कम 5000 बताई है. सरकारी समाचार एजेंसी ने पूर्वी लीबिया के आंतरिक मंत्रालय के प्रवक्ता मोहम्मद अबू-लामोशा के हवाले से कहा कि अकेले डेरना शहर में 5,300 से अधिक लोग मारे गए हैं.इससे पहले डेरना के एम्बुलेंस प्राधिकरण ने मंगलवार को बताया था कि 2,300 लोगों की मौत हुई है. इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ रेड क्रॉस और रेड क्रिसेंट सोसाइटीज़ के लीबिया में दूत टैमर रमज़ान ने कहा, मरने वालों की संख्या अधिक होने की संभावना है. उन्होंने ट्यूनीशिया से वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र की ब्रीफिंग में कहा कि कम से कम 10,000 लोग अभी भी लापता हैं. उसके बाद उन्होंने कहा कि 40,000 से ज्यादा लोग विस्थापित किए गए हैं.

## चांद से 382 किलो मिट्टी धरती पर लाई गई,



**नई दिल्ली।**.चंद्रयान-3 की सफलता को देखते हुए अब ऑस्ट्रेलिया ने भी रोवर भेजने की घोषणा कर दी है. यह रोवर नासा के महत्वाकांक्षी मून मिशन आर्टेमिस के साथ जाने वाला है. आर्टेमिस नासा का ऐसा मानव मिशन होगा, जो चांद के साउथ पोल पर उतरने वाला है. ये कई अहम खोज करेगा. नासा आज से कई वर्षों पहले चांद से 382 किलो मिट्टी धरती पर ला चुका है. गौरतलब है कि 1969 में नासा ने अपोलो-11 मिशन को लांच किया था. ऐसा यह पहला मिशन था जब किसी मानव ने चांद की सतह पर कदम रखा. नील आर्मस्ट्रांग और एडविन एल्ड्रिन इसी मिशन का हिस्सा थे. उस वक्त वे 12 किलो चांद की मिट्टी को लेकर आए.इसके बाद तीन साल बाद नासा ने मून मिशन को ?लांच किए और करीब 300 किलो मिट्टी चांद पर लाई गई. आइए यह जानने की कोशिश करते हैं कि आखिरकार अपोलो मिशन से लाई चांद की मिट्टी अब कहां हैं. नासा ने क्या किया.नासा को अपोलो मिशन से जो मिट्टी मिली थी, वह दुनिया भर में रिसर्च लिए बांटी गई थी ताकि दुनिया भर के वैज्ञानिक चंद्रमा के रहस्यों को खंगाल सकें. भारत को भी उस समय 100 ग्राम चांद की मिट्टी सौंपी गई थी. इस मिट्टी का थोड़ा सा नमूना मुंबई के टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ फंडामेंटल रिसर्च और अहमदाबाद स्थित फिजिकल रिसर्च लैब में रखा है.

## चीनी राजदूत के खिलाफ बोलते ही नेपाल के पूर्व मंत्री पर जानलेवा हमला


**काठमांडू।** सत्तारूढ़ नेपाली कांग्रेस के सह महासचिव एवं पूर्व मंत्री महेन्द्र यादव पर जानलेवा हमला किया गया है.




यादव की गर्दन पर धारदार खुकुरी से प्रहार किया गया. खून से लथपथ यादव को तत्काल ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है. काठमांडू के रिपोर्टर्स क्लब में पत्रकारों के साथ अन्तर क्रिया के बाद बाहर निकलते ही उन पर जानलेवा हमला हुआ है. काठमांडू पुलिस के एसपी कुमुद ढुंगेल ने बताया कि करीब 45 वर्षीय श्याम सापकोटा ने पूर्व मंत्री महेन्द्र यादव पर खुकुरी से प्रहार किया गया है. हमले के कारण का पता नहीं चल पाया है. हमलावर सापकोटा को पुलिस ने तत्काल नियंत्रण में ले लिया है. गर्दन पर गहरे घाव के कारण महेन्द्र यादव को ट्रॉमा सेंटर के आईसीयू में रख कर इलाज किया जा रहा है. उपचार में संलग्न चिकित्सकों ने बताया कि अत्यधिक रक्तस्राव के कारण अवस्था गम्भीर है. महेन्द्र यादव ने रिपोर्टर्स क्लब में नेपाल में चीन के राजदूत के द्वारा दिए गए बयान का विरोध कर रहे थे. उन्होंने चीनी राजदूत के बयान को कूटनीतिक मर्यादा का उल्लंघन बताते हुए उनसे स्पष्टीकरण लेने की मांग की थी. चीन के राजदूत को अपने हद में रहने और नेपाल को कूटनीतिक ज्ञान नहीं देने की नसीहत भी दी थी. हमलावर पूरे समय पत्रकार के रूप में रिपोर्टर्स क्लब में ही मौजूद रहा

# छत्तीसगढ़ को मिली सौगात, प्रधानमंत्री बोले- छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया

देश के 5 राज्यों में इस साल के अंत तक विधानसभा चुनाव होने वाले हैं. इसी क्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ दौरे पर हैं. मध्य प्रदेश में 50 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा की परियोजनाओं को हरी झंडी दिखाने के बाद पीएम मोदी ने छत्तीसगढ़ के रायगढ़ में लगभग 6,350 करोड़ रुपये की कई महत्वपूर्ण रेल क्षेत्र परियोजनाएं देश को समर्पित की. साथ ही उन्होंने एक लाख सिकल सेल परामर्श कार्ड वितरण किया. इसके बाद उन्होंने रोड शो भी किया.प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ को आज 6400 करोड़ रुपये से अधिक की रेल परियोजनाओं का उपहार मिल रहा है. आज यहां सिकल सेल परामर्श कार्ड भी बांटे गए. आधुनिक विकास की तेज रफ्तार के साथ ही गरीब कल्याण में भी तेज रफ्तार का भारतीय मॉडल आज पूरी दुनिया देख रही है और उसकी सराहना कर रही है.उन्होंने आगे कहा कि कुछ दिन पहले त्न20 शिखर सम्मेलन के दौरान बड़े-बड़े देशों के राष्ट्राध्यक्ष दिल्ली आए थे ये सभी भारत के विकास और गरीब कल्याण के प्रयासों से प्रभावित होकर



गए हैं. आज दुनिया की बड़ी-बड़ी संस्थाएं भारत की सफलता से सीखने की बात कर रही है. छत्तीसगढ़ में आज केंद्र के द्वारा हर क्षेत्र में बड़ी योजनाएं पूरी की जा रही है, नई-नई परियोजनाओं की नींव रखी जा रही है.पीएम मोदी ने कहा कि छत्तीसगढ़ हमारे लिए देश के विकास के पावर हाउस की तरह है. देश को भी आगे बढ़ने की ऊर्जा तभी मिलेगी, जब उसके पावर हाउस अपनी पूरी ताकत से काम करेंगे. इसी सोच के साथ बीते 9 वर्षों में हमने छत्तीसगढ़ के बहुमुखी विकास के लिए निरंतर काम किया है. उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस जिस तरह घोटालों की राजनीति करती है उसमें सिर्फ उसके नेताओं की तिजोरी भरती है. गरीब कल्याण में भले पीछे हों लेकिन भ्रष्टाचार में छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार लगातार आगे बढ़ रही है. आप कल्पना करिए, अगर कोई गाय के गोबर में भी भ्रष्टाचार करे तो उसकी मानसिकता क्या होगी?रायगढ़ में विजय शंखनाद रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि पूरे देश में आजकल उत्सव का माहौल है, ऐसे में हर खुशी डबल हो गई है. कुछ ही दिन पहले हमारे वैज्ञानिकों ने भारत को चांद पर पहुंचा दिया. भारत का चंद्रयान वहां पहुंचा जहां दुनिया का कोई देश नहीं पहुंच पाया था. जैसे छत्तीसगढ़ में कहते हैं- छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया, वैसे ही आज दुनिया कह रही है भारत का चंद्रयान सबसे बढ़िया.

पीएम मोदी ने आगे कहा कि एक समय था जब छत्तीसगढ़ केवल नक्सली हमलों और हिंसा के लिए जाना जाता था. भाजपा सरकार के प्रयासों के बाद आज छत्तीसगढ़ की पहचान यहां किए गए विकास कार्यों से हो रही है.

# वोटर लिस्ट शत प्रतिशत शुद्व एवं त्रुटिरहित बने :प्रेक्षक ई रमेश कुमार

दैनिक पुष्पांजली टुडे

**10 से अधिक मतदाता वाले घरों को क्रॉस चेक कराए**

**80 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं को जोड़ने में बेहतर काम हुआ**

**बिना आवेदन के किसी का भीं नाम मतदाता सूची से नहीं हटाया जाए**

**ई रोल प्रेक्षक ने दिए सभी बीएलओ को समीक्षा बैठक में निर्देश**

**भिण्ड ।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी म.प्र.भोपाल के निर्देशनुसार फोटो निर्वाचक नामावली का द्वितीय विषेश संक्षिप्त पुनरीक्षण 2023 की समीक्षा के दौरान प्रेक्षक ई रमेश कुमार ने निर्देश दिए की भिंड जिले में 10 और 10 से अधिक रजिस्टर मतदाता घरों को सेक्टर सुपरवाइजर से क्रॉस चेक कराए जाय। इसके साथ ही यह सुनिश्चित करे की किसी भी मतदान केंद्र पर मतदात सूची में नाम जोड़ने के आवेदन ज्यादा तो नहीं आ गए है इसके लिए घर - घर सर्वे कराया जाए और सभी बीएलओ क्रॉस चेक कर ले इसके साथ ही एआरओ भी फील्ड में जाकर चेक कर ले जिससे मतदाता सूची में शुद्धता बनी रहे।प्रेक्षक ई.रमेश कुमार ने कहा की प्रत्येक मतदान केन्द्र पर बीएलओ ने घर घर जाकर फार्म नं.6, 7 एवं 8 भरवाये है। मतदाता सूची में नाम हटाने के पूर्व समस्त दस्तावेज चेक कर ले, मृत्यु वाले प्रकरण में आवेदन आने के बाद जांच



किया जाए। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं हो। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची बनाते समय इस बात का ध्यान रखा जाए कि मतदाता सूची शत प्रतिशत शुद्व एवं त्रुटिरहित बनाई जाए। बीएलओ डोर टू डोर फाइनल सर्वे चेक कर ले अभी जो आवेदन आए है उनको भी क्रॉस चेक कर ले।भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त किये गये रोल प्रेक्षक डॉ. ई रमेश कुमार ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष भिण्ड में आरओ , एआरओ बीएलओ की बैठक में निर्देश दिए की मतदाता सूची शुद्ध और पारदर्शित से बनाए जाने पर मतदान के समय कोई परेशानी नहीं आएंगी।बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव कुमार श्रीवास्तव, मुख्य कार्यपालन अधिकारी मनोज कुमार सरियाम, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजकुमार खत्री के अलावा जिले के सभी एआरओ और बीएलओ उपस्थित रहे।भारत निर्वाचन आयोग के रोल प्रेक्षक डॉ ई रमेश कुमार ने कहा कि भिंड में 80 के मतदाताओं के नाम जोड़ने में बेहतर काम हुआ है । इसमें एक बार फिर उनके घर जाकर साइन और क्रॉस चेक करा लिया जाए। डुप्लीकेट नाम कटवाने के लिए लिखित में आवेदन मिलने पर ही बीएलओ नाम हटा सकेंगे इस काम में सावधानी बरती जाए। साथ ही उन्होंने कहा कि एक मकान में 10 से अधिक मतदाता है तो ऐसे कितने मकान है विधानसभा क्षेत्रवार सूची तैयार करें।1 अक्टूबर को 18 वर्ष की होने वाले युवा मतदाता के नए आवेदन पर कार्ड उपलब्ध कराने के लिए निर्वाचन आयोग काम कर रहा है।भिण्ड जिले में वर्तमान में मतदाता सूची 12 लाख 81 हजार से अधिक मतदाता रजिस्टर्ड है। इनमे महिला- 5 लाख 85 हजार 366, पुरुष मतदाता -6 लाख 96 हजार 132, ट्रांसजेंडर मतदाता- 19 उपलब्ध है। जिले की पांचों विधान सभा में कुल 1 हजार 476 पोलिंग बूथ है।दूसरे अपडेशन प्रक्रिया में जिले में फॉर्म 6 के अंतर्गत 43 हजार 886 नए आवेदन प्राप्त हुए है। जिनमे से 34 हजार 348 आवेदन स्वीकार हो चुके है 9265 आवेदन पर कर्रवाई जारी है।

# मध्यप्रदेश के समस्त दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को विनियमित किया जायें :सुनील वाल्मीकि

दैनिक पुष्पांजली टुडे



**भिण्ड ।** भाजपा नेता एवं विधायक प्रतिनिधि सुनील वाल्मीकि ने प्रेस वार्ता कर मध्यप्रदेश सरकार से मांग करते हुए कहा कि नगरीय निकाय भिण्ड में कार्यरत समस्त दे.वे.भो. कर्मचारियों व सफाई कर्मचारी, विनियमित कर्मचारियों की माँगों के संबंध में मध्यप्रदेश सरकार द्वारा कोई भी निर्णय नही लिया गया जिससे कर्मचारियों में रोष व्याप्त है, इसीलिए निकाय के कर्मचारी को अपनी माँगों के लिए एक दिवसीय जन-आकोश रैली दिनांक 15/09/ 2023 दिन शुक्रवार को शहर भिण्ड ऋषि मंदिर से हनुमान बजरिया होते हुए गोल मार्केट परेड चौराहा होते हुए नगरपालिका से बस स्टैण्ड तक निकाली जा रही है जिसमें निकाय के कर्मचारी मुख्य माँगे निम्नलिखित है।

1. मध्यप्रदेश के समस्त दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को विनियमित किया जायें 7
2. निकाय के विनियमित हुए कर्मचारियों को नियमित किया जायें ।
3. निकाय में कार्यरत दे.वे.भो. कर्मचारियों बहुत ही अल्प वेतन में निकाय में कई वर्षो से शासन की बहुमूल्य योजनाए में अपनी पूर्ण निष्ठा व ईमानदारी से अपनी सेवायें दे रहे है । इतने अल्प वेतन में वह परिवार का भरण पोषण ठीक से नही हो पाता । कर्मचारी की वेतन विसंगति को दूर किया जायें
4. मेडिकल के आधार पर अनफिट घोषित कर उनके परिवार के सदस्य को नियुक्ति दी जाये ।
5. मध्यप्रदेश सफाई ठेका एंव आउट सॉस पूर्णतः प्रतिबंधित किया जायें ।
6. दे.वे.भो. कर्मचारियों को दुर्घटना एंव स्वास्थ्य लाभ बीमा भत्ता दिया जायें ।
7. दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी का अंशकालीन को पूर्ण कालीन किया जायें ।
8. बाल्मीक समाज को सत्ता एंव संगठन में उचित भागीदारी सुनिश्चित की जायें ।
9. विनियमित कर्मचारी की मृत्यु होने पर अनुकम्पा नियुक्ति दी जायें ।
10. समस्त दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियो की मृत्यु होने पर उनके परिवार के अन्य सदस्य को नियुक्ति दी जायें ।
11. मध्यप्रदेश की नगरीय निकाय में कार्यरत सफाई कर्मचारी आरक्षण रोस्टर प्रणाली को समाप्त किया जाए।वार्ता में भाजपा नेता सुनील वाल्मीकि,प्रदेश प्रवक्ता इमरान अली,ब्रजेंद्र कुशवाह आदि मौजूद रहे।

# हम हमेशा दूसरों के लिए उपकारी बनें :संत रामप्रकाश

पुष्पाजंली टुडे

**बेंगलुरू।**सीरवी समाज ट्रस्ट कर्नाटक बलेपेट वडेर के तत्वाधान में गुरूवार को आयोजित चातुर्मास विराजित संत रामप्रकाश ने अपने प्रवचन में कहा कि हमारे द्वारा किए गए कार्य के आंकड़ों की तुलना में हमारे द्वारा लिए गए उपकारों की संख्या ज्यादा है। जीव सृष्टि में मनुष्य सबसे अधिक शक्ति संपन्न होने पर भी पृथ्वी, पानी, अग्नि, वायु , वनस्पति की मदद



लेकर जीता है। हम दूसरों के उपकार को समझने कि तो कोशिश करें। हम पेड़ की तरह सरल बने। और पानी की तरह तरल बने , तो अनेकों के लिए उपकारी बन सकते हैं । इस मौके पर वडेर के सचिव अमराराम चोयल, उपाध्यक्ष अन्नाराम परिहारिया, राजूराम बर्फा, खेल मंत्री कैलाश भायल, गोपाल सैणचा, जगदीश चोयल एवम समाज की महिलाएं पुरूष मौजूद रहे।

## बिना आत्मज्ञान के आप इस धराधाम पर आये महानपुरूष को पहचान नहीं सकते - धाराजी



**पुष्पांजलि टुडे खरगोन से मुन्ना खान की खबर**

बरुड़ निकट सोनतलाव में एक दिवसीय सत्संग समारोह का आयोजन किया गया सद्गुरुदेव श्री सतपालजी महाराज की परम शिष्या संत महात्मा धारा बाइजी ने अपने आध्यात्मिक वचनों में कहा कि सती माता भी भगवान राम को पहचान ना सकी वो भी राजा दशरथ का पुत्र ही समझती थी अर्जुन ने भी कृष्ण को साधारण मनुष्य कहा लेकिन जब उन्हें आत्मज्ञान से साक्षात्कार हुवा तो बोला मेरा अंधकार समाप्त हो गया इसलिए समय के सदुरू देव से आत्मज्ञान प्राप्त करना चाहिए जिससे कि भगवान का जो अवतार होता है तो हम उस ज्ञान से पहचान लेते हैं और अपने जीवन का कल्याण कर लेते हैं।सत्संग कार्यक्रम में अन्य ग्रामों से भी भक्त समाज ने अमृत वचनों को शांति से आत्मसात किया जैसे मंशाराम पाटीदार, गौतम गांगले, प्रेमचंद पाटीदार, गणेश पाटीदार और मातृ शक्ति भी उपस्थित थी।

## रूपावास विधालय मे हिंदी दिवस उत्सव से मनाया गया

**पुष्पांजलि टुडे संवाददाता नरेश**

पाली राजस्थान।राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रूपवास में हिंदी दिवस मनाया गया । इस अवसर पर विद्यालय में हिंदी भाषा और उसके साहित्य के बारे में सुमित्रा परिहार ने हिंदी भाषा की वर्णमाला शब्द भाव वह अभिव्यक्ति के बारे में विस्तृत व्याख्या की गई। विद्यालय के छात्र और छात्राओं ने हिंदी विषय पर अपने विचार व लेखन की अभिव्यक्ति के माध्यम से बहुत ही सुंदर लेखन लेख को लिखे । इस अवसर पर स्थानीय द्वारा हिंदी पखवाड़ा



मनाया जा रहा है हिंदी भाषा लेखन अभिव्यक्ति के बारे में एक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि एवं भामाशाह हरिभाई पटेल के द्वारा हिंदी दिवस की वर्णमाला शब्द भाव व अभिव्यक्ति के उतर देने के बारे में छात्र छात्राओं को मोमेंटो पारितोषिक व मिष्ठान वितरण किया गया। इस मौके पर प्रधानाचार्य नीतू जालवाल पुर्व छात्रसंघ अध्यक्ष कविता पटेल उप प्रधानाचार्य अनिल नामा गजेन्द सैन अशोक दवे सुमित्रा परिहार पूर्णिमा दवे शिल्पा जैन सुमन वैष्णव पूर्णिमा व्यास प्रकाश मीणा भवानी सिंह चारण सहित विद्यालय के सभी अध्यापकों ने भाग लिया

# चाचोड़ी में गढ़ के राजा की लंबे समय के बाद घर होगी वापसी

**पुष्पांजलि टुडे संवाददाता नरेश कुमार सिरवी पाली राजस्थान**

**पाली राजस्थान।** रानी उपखंड क्षेत्र के ग्राम चाचोड़ी में गढ़ के राजा की लंबे समय के बाद घर होगी वापसी। जाली वास के मुख्य चौराहे पर गढ़ के राजा कि घर वापसी को लेकर राजपुरोहित समाज के नवयुग मंडल के संयुक्त तत्वाधान में आगामी गणेश महोत्सव को लेकर तैयारियां जोरों पर चल रही है। आगामी गणेश महोत्सव कार्यक्रम गांव के विभिन्न स्थानों पर आयोजित किए जाएंगे चारभुजा के मुख्य चौक पर सिध्दीविनायक मित्र मंडल के संयुक्त तत्वावधान में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गणेश चतुर्थी पर्व धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। राजपुरोहित नवयुवक मंडल ने बताया कि गढ़ के राजा एवं सिद्धि विनायक मित्र मंडल




द्वारा आयोजित कार्यक्रम में गणेश चतुर्थी पर मिट्टी की मूर्ति स्थापित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाएगा इस दरमियान प्रतिदिन विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना कर अंतिम दिन विसर्जन किया जाएगा। कार्यक्रम में रात्रि के दौरान भजन संध्या मैं राजस्थान के जाने-माने भजन सम्राटों द्वारा एक से एक बढ़ चढ़कर गणपति के नाम भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी।

# मनुष्य को अपनी स्वयं की खोज करनी चाहिए :शीतल संत राजाराम

पुष्पाजंली टुडे

बेंगलुरू। सीरवी समाज एस एच आर ले आउट वडेर के तत्वाधान में गुरूवार को चातुर्मास विराजित शीतल संत राजाराम महाराज ने अपने प्रवचन में कहा कि जो व्यक्ति स्वयं को नही जानता वो शिवत्व को नही जान सकता इसलिए मनुष्य को अपनी स्वयं की खोज करनी चाहिए स्वयं को जानना चाहिए। और उसके जीवन में गुरु का सानिध्य होना महत्वपूर्ण है एक तरह से देखा जाए तो शिवत्व ही



गुरु है और गुरु हो शिवत्व है दोनो संयुक्त है। इसलिए मनुष्य को मानव जीवन को पाकर के श्रद्धा से गुरु चरणानुरागी होना चाहिए। इस मौके पर वडेर के अध्यक्षफाऊलाल परिहारिया,सचिव लक्ष्मणाराम आगलेचा, उपाध्यक्ष भुण्डाराम हाम्बड, प्रभुराम परिहार, जोगाराम काग, जसाराम परेरिया ओगडराम राठौड़, मिश्रीलाल आगलेचा, किशोर राठौड़ एवं महिला मंडल गेर मंडल के बड़ी संख्या में सदस्य मौजूद रहे।

# भीकनगांव विधानसभा में कांग्रेस और बीजेपी को टक्कर देंगे युवा चेहरा राजू वोरे




कांग्रेस भाजपा को जयस के जुझारू युवा राजू वोरे दे सकते हैं भारी टिक्कर राजू वोरे लम्बे समय से बेरोजगारी कि आवाज को निडरता से उठा रहे हैं हमेशा समाज कि दबी आवाज को उठाते है सभी कलम से क्रांति एकेडमी खरगोन में निशुल्क शिक्षा दी थी आज युवा चाहते हैं कि इस बार 181 से राजू वोरे जयस कि रेस में प्रथम स्थान पर है राजू हजारों दिलों पर राज करने वाले बिगाड़ सकते है भाजपा कांग्रेस का खेल।

## सीरवी समाज ने आईमाताजी मंदिर में कराया सुंदरकांड



पुष्पाजंली टुडे

**पाली।** श्री आईमाताजी के 608वें अवतरण दिवस के उपलक्ष्य में सीरवी नवयुवक सेवा समिति के तत्वावधान में शहर के सभी आईमाताजी मंदिर पर श्री हनुमान चालीसा के पांच पाठ का आयोजन किया जा रहा है। समाज के पुनाराम राठौड़ ने बताया कि आठवां पाठ महात्मा गांधी कॉलोनी स्थित आईमाताजी मंदिर में हुआ।

# विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल की जागरण शौर्य यात्रा का जैतवारा में किया गया भव्य स्वागत





**पुष्पांजलि टुडे**
**राजेश कुमार तिवारी**

विश्वहिंदू परिषद बजरंग दल की अमर बलिदानियों की शौर्य गाथा शौर्य जागरण नागौद से चलकर यात्रा पहुंची जैतवारा, जगह- जगह लोग पूजन अर्चन किया , सुरक्षा की द्रष्टि से जैतवारा थाना प्रभारी श्वेता मौर्य पुलिस बल के साथ तैनात यात्रा के आगे आगे चलती रही जैतवारा बाजार भ्रमण कर चिल्ला अमिलपुर किटहा मोड़ होते हुए कोठी को निकली सोभा यात्रा में डीएसपी मुख्यालय विजय सिंह स्वयं सुरक्षा व्यवस्था में तैनात है साथ में सतना का पुलिस बल कोटर थाना प्रभारी सहित कोटर का पुलिस बल तैनात रहा

## फायर कर दहशत फैलाने वाले आरोपीगण पुलिस की गिरप्त में

दैनिक पुष्पांजली टुडे

अटेर(भिण्ड)। पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री द्वारा जिले में फरार चले रहे आरोपियों की धर पकड़ की कार्यवाही हेतु निर्देश दिये गये थे, निर्देश के तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव पाठक के मार्गदर्शन में अटेर एसडीओपी जाहिद खान के मार्गदर्शन में उपनिरीक्षक सतेन्द्र सिंह कुशवाह थाना प्रभारी पावई व उनकी टीम द्वारा फायर कर दहशत फैलाने वाले आरोपियों को किया गिरफ्तार ।दिनांक 11/06/23 को ग्राम बिछौली गांव के मरघट के सामने आरोपीगण द्वारा फरियादी की रास्ता रोककर मारपीट की थी एंव दहशत फैलाने के लिये आरोपीगण द्वारा 315 बोर की अधिया से फायर किया गया था जिस पर थाना पावई में अपराध क्रमांक 95/ 23 धारा 308, 341, 294, 323, 34 भादवि 25, 27 आर्म्स एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया घटना के आरोपियों को आज दिनांक 14/09/23 को 315 बोर की अधिया व राउन्ड के साथ गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया है।थाना प्रभारी पावई उपनिरीक्षक सतेन्द्र सिंह कुशवाह,प्रधान आरक्षक अरविंद माथुर,आरक्षक अनिल तोमर, वासुदेव,मनीष कुमार, विवेकानंद शर्मा की उक्त कार्यवाही में सराहनीय भूमिका रही।

## एटीएम कार्ड बदलकर लोगो से ठगी करने वाली गैंग के 03 आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

# एसपी मनीष खत्री ने प्रेस वार्ता के दौरान अपील करते हुए कहा कि आमजन ऑनलाइन ठगी से सावधान रहे

**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** । फरियादी राधाकृष्ण उर्फ गोलू पुत्र विश्वनाथ यादव नि0 चितैनिया मोहल्ला उमरी का एटीएम कार्ड बदलकर धोखा-धड़ी करके रात्रि 09.30 बजे पाण्डरी रोड पर यूको बैंक के एटीएम मशीन से 1000 रुपये निकालने के बाद मैने दुबारा एटीएम मशीन में एटीएम लगाया तो वहाँ 02 लोग मौजूद थे उन्होनें कहाँ कि हम आपकी पैसे निकालने में मदद करते है और मेरे एटीएम कार्ड से एक हजार रुपये निकालकर मुझे दे दिये और में घर आ गया घर आकर मैने देखा तो मेरा यूको बैंक का एटीएम कार्ड ना होकर एसबीआई का कार्ड था तब मुझे पता चला कि उनके द्वारा मेरा एटीएम कार्ड बदल लिया गया है। जिस पर से थाना उमरी में अपराध क्र. 242 / 23 धारा 419, 420 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया है।इसी प्रकार फरियादी राजेश कुशवाह पुत्र रामसिंह कुशवाह नि0 दबोहा मोड जिला भिण्ड द्वारा एक लेखीय आवेदन दिया गया था जिसमें फरियादी द्वारा बताया गया कि दिनांक 07/09/23 को फरियादी अपनी बहन व पत्नि के साथ पीएनबी बैंक के पास लगे एसबीआई बैंक के एटीएम से पैसे निकालने लगा तभी वहाँ मौजूद एक व्यक्ति द्वारा कहा गया कि आप एटीएम गलत



लगा रहे हो तो उस व्यक्ति द्वारा मेरा एटीएम कार्ड मशीन में लगाकर चला गया जब पैसे नही निकले तो मैने अपना एटीएम कार्ड देखा तो वह बदल गया था फिर मेरे द्वारा उस व्यक्ति को आस-पास देखा गया लेकिन वह नही मिला फिर मेरे खाते से 25000 रुपये निकलने का मैसेज आया जिस पर से थाना कोतवाली में अपराध क्र. 381 / 23 धारा 419, 420 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया है। इसी प्रकार थाना देहात में अपराध क्र. 570 / 23 धारा 420 भादवि कायम किया गया था जिसमें फरियादी सतेन्द्र सिंह पुत्र कम्मोद सिंह भदौरिया नि0 विजपुरी पोस्ट लावन ने दिनांक 27/08/23 को दोपहर 02 बजे एसबीआई मैन ब्रान्च लश्कर रोड पर लगे एटीएम मशीन से प्रथम बार में दो हजार रुपये निकाले थे उसके बाद पुनः एटीएम मशीन में कार्ड लगाया तो पास में खड़े व्यक्ति द्वारा मेरा एटीएम कार्ड निकाल कर मुझे बापस दे दिया प्रार्थी कुछ समझ नहीं सका जब घर आया और कुछ समय बाद मेरें खाते से 7-8 बार में कुल 63500 रुपये आहरण होने का मैसेज आया तब मैने अपना एटीएम देखा तो बदल गया था और उस पर मुकेश राजावत लिखा था तब मुझे पता चला कि मेरे साथ धोखाधड़ी हुयी है तो मेरे द्वारा थाना देहात जाकर

# वृद्धजन अनुभवों की खान, उनकी सेवा से मिलता है सम्मान - श्यामू ठाकुर समाज सेवी



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**सेवड़ा ।** वृद्धजन अपने जीवन भर के अनुभवों को हम सब के बीच रखकर हमे जीने का रास्ता बताते हैं उनसे सीखने की और जानने प्रवृत्ति रखने वाले लोग निश्चित तौर पर अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सफलता की ऊंचाइयों तक पहुंचते है हम समय समय पर उनके साथ बैठे उनका सम्मान रखें तो हमें प्रभु का आशीर्वाद अवश्य मिल जाता है श्यामू ठाकुर ने यह विचार जन्मदिवस के सुअवसर पर बड़े बाबा मंदिर सेवड़ा में आयोजित संतजन एवं वृद्धजन के सम्मान समारोह के दौरान विचार व्यक्त किए कार्यक्रम का आयोजन समाजसेवा टीम के द्वारा किया गया इस दौरान संचालन कर रहे समाज सेवा टीम के राहुल चौरसिया ने स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए बताया की समाज सेवा टीम के संरक्षक श्यामू ठाकुर जी के नेतृत्व में टीम के द्वारा वर्ष भर समाज सेवा के कार्य किए जाते हैं इसी तारतम्य में हर वर्ष उनके जन्मदिन के उपलक्ष्य में यह वृद्धजनों का सम्मान समारोह आयोजित किया जाता हैकार्यक्रम में उपस्थित पूज्य श्री श्री 1008 बालक दास जी महाराज दंदरौआ सरकार से पवन शास्त्री जी महाराज उत्तम शर्मा विनोद गुप्ता टीडी साहू जयेंद्र सिंह सेंगर ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष हरिराम शर्मा राहुल लहार कुनू खरे बबलू चौरसिया अंकित गुप्ता सुमित चौरसिया रघुवीर प्रजापति धीरज रजक संजू सवीता छोटू सेन करण प्रजापति राज पटवा अनुज बुधौलिया सुनील गुप्ता रघु गौर अलोक अग्रवाल मनोज मोदी राजेंद्र सिंह गौर आदि जल उपस्थित रहे





# पुलिस लाइन रीवा में किया गया कंम्प्यूटरीकृत पुलिस लर्निंग सेण्टर का शुभारम्भ

**रीवा।** श्री के. पी. वेंकटेश्वर राव (भा.पु.से.) अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक रीवा जोन रीवा के द्वारा पुलिस लर्निंग सेण्टर का शुभारम्भ किया गया है । पुलिस लर्निंग सेण्टर में पुलिस परिवार के बालक-बालिकाओं के ,शिक्षा एवं अन्य प्रकार के शैक्षणिक गतिविधियों में निःशुल्क सहयोग प्रदान किया जायेगा । पुलिस लर्निंग सेण्टर में कंप्यूटर सिस्टम, उपयोगी पुस्तके एवं शिक्षक की उपलब्धता रहेगी । इस अवसर पर उप पुलिस महानिरीक्षक रीवा जोन रीवा श्री मिथिलेश शुक्ला, पुलिस अधीक्षक रीवा श्री विवेक सिंह, पुलिस अधीक्षक मऊगंज श्री वीरेन्द्र कुमार जैन,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रीवा श्री अनिल सोनकर, नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमति शिवाली चतुर्वेदी उप पुलिस अधीक्षक (मुख्या.) हिमाली पाठक, रक्षित निरीक्षक रीवा श्रीमति वंदना सिंह एवं शहर के समस्त थाना प्रभारी एवं लगभग 150 पुलिस परिवार के सदस्य व बालक बालिका उपस्थित रहे । अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक रीवा जोन के द्वारा उपस्थित बालक बालिकाओं एवं पुलिस परिवार के सदस्यों को उक्त लर्निंग सेण्टर का उचित लाभ लेनें एवं जीवन में नया सीखनें हेतु सदैव लगन व मेंहनत से अपनें लक्ष्य को प्राप्त करनें का संदेश देते हुए बालक-बालिकाओं के उज्वल भविष्य की कामना की ।






# थाना कोठी पुलिस की बडी कार्यवाही हत्या के प्रयास का 01 नफर फरार आरोपी गिरफ्तार

**पुष्पांजलि टुडे**
**राजेश कुमार तिवारी**

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय सतना एवं श्रीमान् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय सतना के निर्देशन में एसडीओपी महोदय नागौद के मार्गदर्शन में थाना कोठी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर फरार आरोपी उमराव सिंह पिता रवि कुमार सिंह उम्र 42 साल निवासी ग्राम रायपुर थाना कोठी को गिरफ्तार किया गया

**घटना विवरण-** दिनांक 13/06/23 को फरियादी संध्या त्रिपाठी पति ज्ञानेद्र त्रिपाठी उम्र 42 साल निवासी रायपुर थाना कोठी जिला सतना की रिपोर्ट पर थाना कोठी में अप. क्र. 142/23 धारा 294,323, 506,34 ताहि. का कायम किया गया । दौरान विवेचना मजरूब की मेडिकल रिपोर्ट पर मामले में धारा 307 ताहि. एवं धारा 147,148,149 ताहि. का इजाफा किया गया एवं श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय सतना द्वारा आरोपियों की पता तलास हेतु 5000-5000 रुपये के ईनाम की उद्घोषणा की गयी थी । दिनांक 19/07/23 को आरोपी बलवंत उर्फ अनुज सिंह को गिरफ्तार कर केन्द्रीय सतना भेजा गया है । मामले के अन्य फरार आरोपीगणों की तलास की गयी जो आरोपी उमराव सिंह पिता रवि कुमार सिंह उम्र 42 साल निवासी ग्राम रायपुर थाना कोठी का अपने गांव रायपुर में दस्तयाब हुआ जिससे घटना के संबंध में पूछताछ की गयी जो जुर्म स्वीकार किया । बाद आरोपी उपरोक्त को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया ।

***गिरफ्तार आरोपी** - 1. बलवंत सिंह उर्फ अनुज सिंह पिता सौखीलाल सिंह उम्र 28 साल निवासी ग्राम रायपुर,

2. उमराव सिंह पिता रवि कुमार सिंह उम्र 42 साल निवासी ग्राम रायपुर थाना कोठी जिला सतना

**फरार आरोपी** 1. कौशलेन्द्र सिंह उर्फ बड़कू पिता रवि कुमार सिंह उम्र 36 साल, 2.कमलेन्द्र सिंह उर्फ छुटकू पिता रवि कुमार सिंह उम्र 29 साल 3. अंकित पिता वंशध्वज सिंह उम्र 21 साल, 4. दिनेश सिंह पिता रामचन्द्र सिंह उम्र 22 साल सभी निवासी ग्राम रायपुर थाना कोठी जिला सतना*

**सराहनीय भूमिका** थाना प्रभारी निरी. राजेश पटेल, प्र.आर.745 महेश बंसल, प्र.आर.625 राजेन्द्र पांडेय, आर.38 पंकज कुशवाहा, आर.420 रामनरेश बैगा, आर.883 राजपाल बागरी व चालक 49 मानवेन्द्र सिंह, मआर.448 प्रीति शुक्ला

# कलेक्टर एसपी ने लिया चित्रकूट अमावस्या मेले की व्यवस्था का जायजा



**पुष्पांजलि टुडे**
**राजेश कुमार तिवारी**

सतना कलेक्टर अनुराग वर्मा और पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता ने गुरूवार को चित्रकूट पहुंचकर भदई मेले की सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मंदाकिनी नदी के घाटों सहित सभी भीड़-भाड़े वाले स्थानों की मौके पर पहुंचकर व्यवस्थायें देखी। उन्होंने डयूटी पर तैनात अधिकारी, कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिये। इस मौके पर चित्रकूट (उ.प्र.) के डीएम अभिषेक आनंद तथा पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला भी उपस्थित रहे।



## मिलाद उन नवी एवं गणेश चतुर्थी पर्व के संबंध में जिले में शांति एवं सद्भावना बनाए रखने के उद्देश्य से गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।



**पुष्पांजलि टुडे**
**राजेश कुमार तिवारी**

बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री आशुतोष गुप्ता,सीईओ जिला पंचायत डॉ परीक्षित झा?,अपर कलेक्टर श्री ऋषि पावर,नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गहलोत, सिटी मजिस्ट्रेट श्री नीरज खरे,सीएसपी श्री महेंद्र सिंह सहित संबंधित अधिकारी एवं समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

# शिक्षकों और आँगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से बच्चों को दी जा रही है जानकारी

**पुष्पांजलि टुडे**
**राजेश कुमार तिवारी**

पॉक्सो अधिनियम की जानकारी महिला-बाल विकास विभाग द्वारा प्रदेश में बाल यौन शोषण, शारीरिक शोषण आदि पर समय-समय पर जिला, विकासखंड तथा ग्राम स्तर पर बच्चों को जागरूक किया जा रहा है। विभिन्न स्तर पर केम्पेन आयोजित कर पॉक्सो अधिनियम के प्रावधानों की जानकारी से भी अवगत कराया जा रहा है। विभाग द्वारा प्रति वर्ष बाल सुरक्षा सप्ताह में सरकारी स्कूलों तथा आँगनवाड़ियों में शिक्षकों और आँगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से बच्चों को पॉक्सो अधिनियम के प्रावधानों की जानकारी के साथ ही ''गुड टच-बेड टच'' के बारे में भी अवगत कराया जा रहा है। प्रदेश में 11 जिलों में बाल-मित्र कार्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं। इसमें ग्राम स्तर पर पॉक्सो एक्ट के संबंध में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। पॉक्सो अधिनियम-2012 के अंतर्गत सपोर्ट पर्सन के रिसोर्स पर्सन की मैपिंग की गई है। प्रदेश में ग्राम एवं वार्ड स्तरीय बाल संरक्षण समितियों का गठन किया गया है। विकासखंड स्तर पर 309 बाल संरक्षण समितियाँ, ग्राम पंचायत स्तर पर 23,169 तथा नगरीय निकाय में लगभग 6,145 बाल संरक्षण समितियों का गठन किया गया है। इन समितियों के माध्यम से पॉक्सो संबंधी जन-जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। प्रदेश में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, लोक स्वास्थ्य कल्याण विभाग द्वारा बाल संरक्षण इकाईयों में संरक्षित किये गये बच्चों तथा यौन उत्पीड़न के शिकार बच्चों की प्रभावी काउन्सलिंग पर आधारित वर्चुअल उन्मुखीकरण सह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन के सहयोग से प्रदेश के 11 जिलों रतलाम, जबलपुर, इंदौर, नर्मदापुरम, शहडोल, मुरैना, विदिशा, कटनी, निवाड़ी, सतना एवं शिवपुरी में बाल-मित्र ग्राम कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। बाल-मित्र ग्राम कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बाल श्रम, बाल विवाह, बाल शोषण और दुर्व्यवहार पर संपूर्ण रोक और सभी बच्चों का स्कूल में नामांकन एवं उपस्थिति सुनिश्चित कराना है। कार्यक्रम में 110 गाँव में सभी स्कूल शिक्षकों को पॉक्सो अधिनियम के प्रावधानों पर आधारित ऑनलाइन प्रशिक्षण दिया गया। इसमें नवम्बर 2021 से जून 2023 तक 136 स्कूलों के 4,150 बच्चों को पॉक्सो एक्ट संबंधी प्रशिक्षण दिया गया। इसके अतिरिक्त 7 गाँव के 410 बच्चों को सायबर सिक्योरिटी पर भी प्रशिक्षण प्रदान किया गया। लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम के तहत जिला स्तर पर 133 प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किये गये।

# कलेक्टर अजय श्रीवास्तव ने शासकीय शाहीद केदारनाथ महाविद्यालय मऊगंज का किया निरीक्षण



**रीवा, मऊगंज।** कलेक्टर अजय श्रीवास्तव शासकीय शाहिद केदारनाथ महाविद्यालय मऊगंज का आकस्मिक निरीक्षण किया जहां उन्हें काफी अव्यवस्था महाविद्यालय में देखने को मिली जिस पर उन्होंने महाविद्यालय के प्रेसिंपल से नाराजगी व्यक्त की ।निरीक्षण के दौरान यह पाया कि अलमारी में कागज की जगह डिस्पोजल रखा था। पुरानी अलमारियां जो टूटी-फूटी हुई थी उन्हें महाविद्यालय के नए भवन में देखकर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की और निर्देश दिया की जो पुरानी अलमारियां है उन्हें हटाकर नई अलमारियां यहां पर रखी जाए। लाइब्रेरी में साफ सफाई सही न होने पर नाराजगी व्यक्त की ।जिम अलग-अलग लडको एवं लड़कियों को करने के लिए निर्देशित किया ।वर्चुअल क्लास व्यवस्थित न होने पर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्ति की ।ऑडिटोरियम का मेंटीनेंस ठीक करने के निर्देश दिए। मटके में काई लगी पाए जाने पर कलेक्टर ने फटकार लगाई वही निर्देशित किया कि स्वच्छ पानी की व्यवस्था की जाए। कलेक्टर ने कहा कि सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं है इसके लिए सुरक्षा गार्ड बढ़ाने के भी निर्देश विद्यालय के प्रेसिंपल को दिया। कलेक्टर अजय श्रीवास्तव ने इस बात पर खुशी जाहिर की कि इस विद्यालय में 60त्न बालिकाएं अध्यनरत हैं शौचालय की स्थिति खराब देखकर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की और विद्यालय प्रबंधन को निर्देश दिया कि शौचालय स्थल पर साफ सफाई के लिए एक चार्ट लगाये ।शौचालय कब कब साफ किया गया इसकी संपूर्ण जानकारी उस पर अंकित होनी चाहिए। बच्चों के पानी पीने के लिए मटके हटा कर फ्रीजर लगाने के निर्देश दिए। कलेक्टर अजय श्रीवास्तव ने एक दिन श्रमदान के साथ सफाई किए जाने की बात कही। वही ओपन जिम में टीन सेड लगाकर व्यवस्थित करने के निर्देश कॉलेज प्रबंधन को दिया। कलेक्टर अजय श्रीवास्तव ने कहा कि प्लानिंग के तहत अन्य विषयों की भी पढ़ाई इस महाविद्यालय में हो इस पर भी काम करना है।

# सुअर पालकों के द्वारा धरने कार्यक्रम में पहुंचे कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष इंजी. राजेन्द्र शर्मा

**रीवा।** आज कलेक्ट्रेट के सामने पिछले 11 माह से चल रहे सुअर पालकों के द्वारा धरने कार्यक्रम में कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष इंजी. राजेन्द्र शर्मा पहुंचे। उन्होंने सुअर पालकों की समस्या को सुना और कहा कि विगत् 11 माह पूर्व रीवा जिले में सुअरों में महामारी फैली थी जिसमें भारी संख्या में सुअरों की मृत्यु हुई थी। रीवा जिले में 2500 से ज्यादा ऐसे बंसल परिवार है जो सुअर पालन करके जीवन यापन करते हैं। अचानक से हजारों की संख्या में सुअरों की मृत्यु हो जाने से यह परिवार आर्थिक रूप से टूट गए हैं और खाने की समस्या से जूझ रहें है। उन्होंने कहा कि, एक परिवार में 10-20 से भी अधिक सुअरों की मृत्यु हुई है। म.प्र. शासन की राजस्व पुस्तक परिपत्र में पशु पालन से जुड़े परिवारों के व्यवसाय में आकस्मिक पशु मृत्यु होने की स्थिति में मुआवजे के रूप में एक सुअर का हानि मूल्य 3000 रू. दिया हुआ है। नवम्बर 2022 में जिला प्रशासन द्वारा सुअरों की हानि के आंकलन के एक कमेटी का गठन किया गया था किन्तु आज दिनांक तक उस कमेटी के द्वारा न तो कोई रिपोर्ट दी और ना ही इन परिवारों को कोई राहत राशि दी गई। उन्होंने कहा कि चुनाव देखते हुए नित्य नई घोषणा करने वाले म.प्र. के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान इन गरीब परिवारों की समस्या से पूर्णतः बेखबर है। इंजी. राजेन्द्र शर्मा ने पीड़ित जनों से कहा कि कांग्रेस पार्टी उनकी समस्या को लेकर चिंतित है, एवं यदि म.प्र. में कांग्रेस पार्टी की माननीय कमलनाथ जी की सरकार आती है तो वे यह विश्वास दिलाते हैं कि सुअर पालकों की हानि का उचित आंकलन करके उनको क्षतिपूर्ति की राशि दी जाएगी। उन्होंने पीड़ित परिवारों को आश्वस्त किया कि सदैव की भांति कांग्रेस पार्टी समाज के अंतिम छोर में खड़े गरीब व्यक्तियों के हितों की रक्षा करने के लिए संकल्पित है।

# दिव्यांग संतोष कुमार साकेत भोपाल से इलाज कराकर पहुंचे कलेक्टर कार्यालय मऊगंज

## दिव्यांग कृष्ण कुमार ने कलेक्टर अजय श्रीवास्तव को पहनाई माला

**रीवा,मऊगंज।** दिव्यांग संतोष कुमार साकेत भोपाल से अपना इलाज करा कर अपने घर जाने से पहले मऊगंज कलेक्टर कार्यालय पहुंचे और अपने लिए वह एक भगवान का रूप मानकर कलेक्टर मऊगंज अजय श्रीवास्तव को माला पहनाई। वही संतोष कुमार साकेत की पत्नी भी भाव विभोर होकर कलेक्टर अजय श्रीवास्तव को पुष्प गुच्छ सौप कर धन्यवाद दिया।संतोष कुमार साकेत ने कहा कि मैं अपने जीवन से निराश हो गया था लेकिन मेरे लिए भगवान के रूप में कलेक्टर साहब मुझे मिले। मुझे यकीन ही नहीं था कि मुझे इतनी अच्छी सुविधा कलेक्टर महोदय के द्वारा दी जाएगी मेरा इलाज भोपाल के नर्मदा ट्रामा सेंटर में किया गया अभी मेरे पैर में राड पड़ी है मुझे तीन बार और भोपाल जाना है ।उसके बाद मेरे पैर का ऑपरेशन होगा। मैं काफी



संतुष्ट महसूस कर रहा हूं और मैं काफी खुश हूं कि मुझे एक नया जीवन मिला। विदित हो कि दिव्यांग संतोष कुमार साकेत निवासी खटखरी जिनका 26 जून 23 को एक सड़क दुर्घटना में पैर टूट गया था। डॉक्टर ने उसका पैर काटने की सलाह दी थी। संतोष कुमार साकेत ने फोन के माध्यम से कलेक्टर मऊगंज अजय श्रीवास्तव से बात की थी और तब कलेक्टर मऊगंज संतोष साकेत के घर पहुंच गए थे कलेक्टर मऊगंज अजय श्रीवास्तव के प्रयास से संतोष कुमार साकेत को भोपाल में नर्मदा ट्रामा सेंटर में इलाज के लिए 29अगस्त को भेजा गया जहा संतोष कुमार साकेत का पूरा इलाज हो रहा है। आज जब संतोष कुमार साकेत कलेक्टर को माला पहनाए तो उन्होंने भी संतोष कुमार साकेत को माला पहनाकर उसका स्वागत किया और कहा कि स्वस्थ होने के बाद अपनी और अपने परिवार की पढ़ाई लिखाई को जारी रखना है। कलेक्टर ने कहा कि रोजगार के भी प्रबंध किए जाएंगे कलेक्टर मऊगंज ने कहा कि संतोष कुमार साकेत के इलाज में विधानसभा अध्यक्ष माननीय गिरीश गौतम जी का भी विशेष सहयोग रहा है उनके द्वारा अपनी निधि से इलाज के लिए पैसा दिया गया। कलेक्टर मऊगंज ने संतोष कुमार साकेत एवं उसके परिवार को आस्वस्त किया है कि वह स्वस्थ होने के बाद उनके परिवार को आर्थिक स्थितियों से न लड़ना पड़े इसके लिए प्रबंध किए जाएंगे।

**जन्माष्टमी महोत्सव का हुआ सफल आयोजन**

# धार्मिक चेतना जगाने में धर्मपरिवार का योगदान कभी भुलाया नही जा सकता है-राजेन्द्र शुक्ल

**रीवा।** धार्मिक चेतना जगाने में हिन्दू उत्सव समिति धर्मपरिवार का योगदान रीवा नगरवासी एवं कलाकार कभी भुला नही सकते



है धर्मपरिवार युवा शाखा के सभी पदाधिकारी साधुवाद के पात्र है यह उदगार म0प्र0 शासन के जनसम्पर्क एवं लोकस्वास्थ्य मंत्री माननीय राजेन्द्र शुक्ल ने श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव-2023 के शुभ मंगलदीप मैरिज गार्डेन में आयोजित भव्य आयोजन में बतौर मुख्य अतिथि की आसंदी से व्यक्त किये। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित संजय गांधी अस्पताल के पूर्व संचालक डॉ0 सी0बी0शुक्ला, राजयोगिनी बी0के0 निर्मला, समाज सेवी डॉ0 के0के0 परौहा, रेडक्रास चेयरमैन डॉ0 प्रभाकर चतुर्वेदी, बाल्यरोग चिकित्सक डॉ0 ज्योति सिंह ने व्यक्त किये। अध्यक्षता आजीवन संरक्षक नारायण डिगवानी ने की यह जानकारी संरक्षक कार्यक्रम संयोजक संजय तिवारी मुन्नू युवा शाखा अध्यक्ष सुमित मॉजवानी ने दी है। संचालन वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामसखा यादव, महासचिव सुरेश विश्नोई, युवा महासचिव अंशुमान गुप्ता ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर श्री शुक्ल के कैबिनेटमंत्री बनने पर अभिनंदन पत्र एवं माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया।नगर विभिन्न डॉस ग्रुपों एवं कलाकारो ने समूह नृत्य एवं एकल नृत्य प्रस्तुत कर कार्यक्रम को यादगार बना दिया। एक वर्ष की छोटी बच्ची मनोकामना तिवारी का जन्मदिन केक काटकर प्रीतिभोज के साथ मनाया गया। बड़ी संख्या में नागरिको की उपस्थिति ने श्री कृष्ण भगवान के खूब जयकारे लगाये और कार्यक्रम का अनंद लिया। धर्मपरिवार ने सभी कालाकारो के साथ पत्रकारो को सम्मान स्मृति चिन्ह प्रदान किये।

# आज अभाविप सतना इकाई द्वारा स्वावलंबी भारत अभियान के निमित्त चल रहे उद्यमिता पखवाड़ा के निमित्त रामाकृष्णा कॉलेज में कार्यक्रम किया

**पुस्पंजली टुडे**
**राजेश कुमार तिवारी**

स्वावलंबी भारत अभियान के अंतर्गत चल रहे उद्यमिता पखवाड़ा पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा रामकृष्ण कॉलेज में कार्यक्रम के माध्यम से तकनीकि विभाग के विद्यार्थियों को स्टार्टअप,उद्यमिता एवं नवाचार के विषय में जानकारी दी एवं साथ ही साथ शासन की विभिन्न स्टार्टअप इकोसिस्टम योजनाओं के बारे में मैकेनिकल,कंप्यूटर एवं इलेक्ट्रिकल के विद्यार्थियों को अवगत कराया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उद्यमी जयदेव ताम्रकार जी ने कहा कि हम अपने एक स्टार्टअप से कई लोगों को रोजगार दे सकते हैं हम जॉब सीकर ना बनकर जॉब प्रोवाइडर बने, साथ ही साथ हमें उद्यमिता के माध्यम से उद्यमिता एवं नवाचार को बढ़ावा देना है आज भारत देश को विश्व की सबसे



ऊंचाई पर लाना है तो उसके लिए आज की युवा पीढ़ी को उद्यमिता एवं नवाचार के प्रति अपने भावों को जागृत करना होगा,देश को अगर तरक्की के पथ पर आगे बढ़ाना है तो उसे नवाचार का हाथ पकड़कर चलना होगा नवाचार और उद्यमिता ही आर्थिक प्रगति की मजबूत नीव है , कार्यक्रम का प्रस्तावना शिवेंद्र चतुर्वेदी द्वारा रखा गया। वक्ता अरुण भारतीय जी का कहना था कि स्वावलंबी भारत अभियान का मुख्य उद्देश्य है की युवा रोजगार की तलाश में इधर-उधर ना भटके बल्कि वह स्वयं का स्टार्टअप कर कई लोगों को रोजगार दे सकते हैं, अतः युवाओं में स्वावलंबन की भावना को प्रेरित करना आवश्यक हो गया है, कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यार्थी परिषद सतना के जिला संगठन मंत्री आदित्य वरमैया जी नगर के नगर सहमंत्री हिमांशू सिंह प्रमुख विनय केवट, शिवांश गुप्ता प्राध्यापकों के साथ-साथ सैकड़ों छात्र- छात्रा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सतना नगर के कार्यकर्ता विनय केवट ने किया।

# डॉँक्टर दिवाकर सिंह को अज्ञात लोगों ने मारी गोली





**रीवा।** जिले के बैकुंठपुर में दोपहर 12 बजे दो बाइक सवार डॉ दिवाकर सिंह के क्लीनिक पर पहुंचे जहां उन्होंने डॉक्टर से उनका नाम पूछा। जैसे ही बताया कि डॉक्टर दिवाकर सिंह वही है पीछे खड़े युवक ने देसी पिस्तौल निकाल कर उन पर फायर कर दी। जब तक लोग कुछ समझ पाए उसके पहले दोनों युवक बाइक पर सवार होकर सिरमौर की ओर फरार हो गए।डॉक्टरों ने बताया की गोली कान के पास लगी, हालत अब सामान्यसूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने डॉक्टर दिवाकर सिंह को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिरमौर ले गई जहां प्रारंभिक उपचार किया गया। डॉक्टरों ने बताया की गोली उनके कान के पास लगी है हालांकि उनकी हालत अब सामान्य बताई जा रही है।अज्ञात लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज कर मामले की जांच शुरूपुलिस ने अज्ञात लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। इस संबंध में डॉक्टर दिवाकर सिंह ने पुलिस को बताया कि उनकी किसी से भी किसी प्रकार की दुश्मनी नहीं है । इसलिए उन्हें किसी पर संदेह नहीं है हालांकि पुलिस जगह-जगह नाकेबंदी कर हमलावरों की तलाश कर रही है ।

# पुलिस चेकिंग, नियम तोडने़ वालों से वसूल किया जुर्माना



**जौरा।** यातायात नियमों को तोडने़ वाले वाहन चालकों के विरुद्ध स्थानीय पुलिस ने चेकिंग करते हुए लापरवाह वाहन चालकों से 4800 रुपए का जुर्माना वसूल किया है। प्रभारी एसडीओपी रवि सोनेर के निर्देशन में नगर निरीक्षक आलोक सिंह परिहार एवं उपनिरीक्षक सुरेश मिश्रा, यशपाल सिंह, गुलाब सिंह बाथम, भूपेंद्र सिंह, रामेंद्र सिंह आदि पुलिसकर्मियों की टीम ने चंबल कॉलोनी के पास चेकिंग पॉइंट लगाकर वाहनों की चेकिंग की। इस चेकिंग में अवैध रूप से वाहनों में परिवहन कर ले जाने वाली अवैध शराब, चोरी के वाहनों की प्रमुख रूप से तलाशी कर चेकिंग की गई। इसी दौरान यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले दर्जन भर वाहन चालकों से 4800 की राशि जमाने के रूप में भी वसूली गई। चेकिंग के दौरान एसडीओपी एवं नगर निरीक्षक ने सभी को यातायात के पालन करने की समझाईश देते हुए विशेष कर दो पहिया वाहन चालकों से कहा कि हेलमेट लगाकर चलें, लाइसेंस, बीमा सभी कागजात साथ में रखें। इस दौरान दो पहिया वाहनों पर दो से अधिक सवारी नहीं बैठने की हिदायत भी दी गई।

# ऑटो से शराब एवं बियर के कार्टून परिवहन करते दो आरोपी पकड़े, 50 हजार रुपए की शराब बरामद

**मुरैना।** स्टेशन रोड थाना पुलिस ने गुरुवार की सुबह लालोर रेलवे फाटक के पास ऑटो से राजस्थान की अवैध शराब एवं बियर का मुरैना में परिवहन करते दो आरोपियों को गिरफ्तार कर 50 हजार रुपए की शराब बरामद की गई है तथा आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र सिंह चौहान के निर्देशन में अवैध शराब के निर्माण एवं परिवहन को रोकने हेतु चलाई जा रही मुहिम के तहत स्टेशन रोड थाना प्रभारी श्रीमती राजकुमारी परमार को गुरुवार की सुबह मुखबिर से सूचना मिली कि एक ऑटो लोडिंग वाहन में



अवैध शराब भरकर लाई जा रही है। उक्त सूचना पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर ऑटो को घेर लिया तथा दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी लेने पर 7 पेटी देशी शराब एवं 7 पेटी बियर किंगफिशर बरामद हुई, जिसकी कीमत 50 हजार रूपए बताई गई है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लोडिंग वाहन भी जप्त किया है, जिसकी कीमत 2 लाख रुपए बताई गई है। पकड़े गए आरोपियों में पवन नागर निवासी राजाखेड़ा एवं सुमित नागर निवासी फिरोजाबाद बताए गए हैं। पुलिस द्वारा आरोपियों के विरुद्ध आबकारी एक्ट का मामला दर्ज कर उनसे पूछताछ की जा रही है।

# नईगढ़ी में 3 करोड़ 36 लाख रूपये से बनेगा स्टेडियम व पवेलियन विधानसभा अध्यक्ष ने किया भूमिपूजन

**खेल सुविधा मिलने से खेल प्रतिभाओं में निखार होगा - विधानसभा अध्यक्ष**



**रीवा।**. मऊगंज जिले के नईगढ़ी मुख्यालय को आज ब?ी सौगात मिली। विधानसभा अध्यक्ष श्री गिरीश गौतम ने 3 करोड़36 लाख रूपये की लागत से बनने वाले स्टेडियम एवं पवेलियन का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर अपने उद्बोधन में विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि बहुप्रतीक्षित मांग आज पूरी हुई। नईगढ़ी में स्टेडियम के बन जाने से खेल प्रतिभाओं को अपने खेल के प्रदर्शन करने का अवसर मिलेगा



तथा उनके खेल में निखार आयेगा। खेल की सुविधा मिलने खेल के प्रति रूचि तो बढ़ेगी ही साथ ही खिलाड़ियों का शारीरिक व मानसिक विकास होगा। उन्होंने कहा कि स्टेडियम में एक हजार दर्शक बैठकर खेल का आनंद ले सकेंगे तथा यहां हाईमास्क लाइट भी लगाई जायेगी। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि उनका संकल्प है कि इस स्टेडियम के उद्घाटन अवसर पर राष्ट्रीय या अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के मैच का आयोजन हो। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि नगर पंचायत नईगढ़ी क्षेत्र में उनके विधानसभा अध्यक्ष बनने के बाद से लगभग 40 करोड़ रूपये के कार्य कराये गये हैं। इसके अतिरिक्त देवतालाब से लालगांव सड़क का निर्माण भी है। उन्होंने कहा कि देवतालाब विधानसभा क्षेत्र में 447 करोड़ रूपये की लागत से सड़कों का कार्य कराया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि लोक निर्माण (भवन) द्वारा 336 लाख रूपये की लागत से नईगढ़ी में बनने वाले स्टेडियम का निर्माण एक वर्ष में पूर्ण होगा। भूमिपूजन के अवसर पर नगर पंचायत नईगढ़ी की अध्यक्ष श्रीमती नागिता गुप्ता, सुरेन्द्र सिंह चंदेल, बृजेन्द्र गुप्ता, प्रसून द्विवेदी तथा पार्षदगण एवं जनसंपर्क सहायक मध्यप्रदेश विधानसभा पुष्पेन्द्र गौतम सहित स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# मोटर चलाते समय करंट लगने से युवक की मौत

**मुरैना।** जिले के सराय छोला थाना अंतर्गत हेतमपुर गांव में मोटर चालू करते समय करंट लग जाने से घायल युवक की जिला अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर मामले की विवेचना की जा रही है।जानकारी के अनुसार सरायछौला थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले हेतमपुर गाँव निवासी आशाराम का 26 वर्षीय लड?ा मेवाराम गुर्जर घर पर बिजली के तार लगाकर



मोटर चालू करने की कोशिश कर रहा था, तभी मेवाराम को जोरदार करंट लगा और बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ा। जैसे ही परिजनों को पता चला, तुरंत उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर आये। यहाँ इमरजेंसी डियूटी पर उपस्थित डॉक्टर ने चैकअप किया और मेवाराम को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम करने के पश्चात उसकी लाश को परिजनों को सौंप दिया है एवं मर्ग कम कर मामले की विवेचना कर रही है।

# दो बाईकों की भिड़ंत में एक की मौत, पांच घायल



मुरैना। जिले के नूराबाद थाना अंतर्गत जरेरुआ के पास मां भगवती रेस्टोरेंट के सामने दो बाईकों की भिड़ंत में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरी बाइक पर सवार पांच लोग घायल हो गए। पुलिस द्वारा घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है वहीं मृतक का पीएम कराकर लाश परिजनों को सौंप दी है।प्राप्त जानकारी के अनुसार करुआ पुत्र जगमोहन गुर्जर उम्र 20 निवासी महुखेरा गुरुवार की सुबह अपने गांव से बमूर बसई बड़े भाई की ससुराल में भाभी को लेने जा रहा था, जैसे ही उसकी बाइक जरेरुआ स्थित भगवती रेस्टोरेंट के सामने पहुंची, तभी ग्वालियर की ओर से जाफराबाद जा रही बाइक के चालक ने सामने से टक्कर मार दी। इस भीषण दुर्घटना में करुआ की मौत हो गई, जबकि दूसरी बाइक पर सवार गब्बर पुत्र फूल सिंह कुशवाह उम्र 40 वर्ष निवासी जाफराबाद, देवेंद्र पुत्र विजय सिंह उम्र 30 वर्ष, छोटी पत्नी देवेंद्र उम्र 28 वर्ष, कान्हा पुत्र देवेंद्र उम्र 5 वर्ष, सुमित पुत्र देवेंद्र 3 वर्ष घायल हो गए। सूचना मिलते ही नूराबाद थाना पुलिस मौके पर पहुंची तथा मृतक एवं घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। मृतक करुआ की लाश का पीएम कराकर पुलिस ने उसे परिजनों को सौंप दिया है, जबकि घायलों का इलाज चल रहा है।

**नोडल अधिकारियों के कार्यों की समीक्षा बैठक**

# नोडल अधिकारी आयोग के निर्देशों के अनुरूप निर्वाचन संबंधी व्यवस्था करें - कलेक्टर

**नोडल अधिकारी अपनी टीम के सदस्यों को उचित प्रशिक्षण दें - कलेक्टर**

**रीवा।** विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए तैनात नोडल अधिकारियों के कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा कि सभी नोडल अधिकारी अपने कार्य से जुड़े निर्वाचन आयोग के निर्देशों का भलीभांति अध्ययन कर लें। उन निर्देशों के अनुरूप अधिकारियों और कर्मचारियों की तैनाती के आदेश निर्वाचन कार्यालय से जारी कराएं। इन्हें भलीभांति प्रशिक्षण दें। सौंपे गए कार्य की समस्त जिम्मेदारी नोडल अधिकारी की होगी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी सभी नोडल अधिकारियों को उनसे जड़े कार्यों की निर्देश पुस्तिका तत्काल उपलब्ध कराएं। कलेक्टर ने कहा कि सभी रिटर्निंग आफीसर विधानसभा निर्वाचन के लिए समस्त तैयारियाँ सुनिश्चित करें। मतदान केन्द्र का स्वयं निरीक्षण करके उपलब्ध सुविधाओं का सत्यापन करें। सभी मतदान केन्द्रों में पक्के रैम्प का निर्माण कराएं। चुनाव कार्य के लिए प्रयुक्त वाहनों की अनुमानित संख्या एवं रूट चार्ट का भी निर्धारण कर लें। दिव्यांगों के लिए मतदान व्यवस्था, दिव्यांग कर्मचारियों द्वारा संचालित पोलिंग बूथ तथा पिंक पोलिंग बूथ में तैनात करने के लिए भी अधिकारियों और कर्मचारियों की सूची तैयार कर लें। चुनाव के प्रशिक्षण की समय सारणी निर्धारित कर दी गई है। पूरी गंभीरता के साथ चुनाव का प्रशिक्षण संपन्न कराएं।

कलेक्टर ने कहा कि चुनाव के दौरान कम्युनिकेशन प्लान को क्रियान्वित करने के लिए मुख्य रूप से वन विभाग के अधिकारी और कर्मचारी तैनात किए गए हैं। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के लिए अलग-



अलग दल तैनात करें। मतदान दिवस में प्रत्येक टीम को 300 से अधिक मतदान केन्द्रों से सम्पर्क करके डाटा संकलित करना एवं उसे जिला स्तर एवं निर्वाचन आयोग को उपलब्ध कराना प?ेगा। टीम के सदस्यों को इसके लिए समुचित प्रशिक्षण दें। जिन मतदान केन्द्रों में मोबाइल नेटवर्क की अच्छी सुविधा नहीं है वहाँ वैकल्पिक व्यवस्था अवश्य करें। निर्वाचन संबंधी शिकायतों का तत्काल निराकरण करें। शिकायतों के निराकरण के लिए तैनात नोडल अधिकारी विधानसभावार शिकायत पंजी संधारित कर उसमें नियमित रूप से प्राप्त शिकायतें दर्ज करने तथा उनके समय-सीमा में निराकरण की व्यवस्था करें।

कलेक्टर ने कहा कि चुनाव व्यय का लेखा तैयार करना और उसकी मॉनीटरिंग ब्ी चुनौती है। नोडल अधिकारी अपनी टीम के सदस्यों को व्यय की निगरानी का पूरा प्रशिक्षण दें। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में व्यय निगरानी की अलग-अलग टीम तैनात की जाएगी। चुनाव से जुड़ी सामग्री के पैकेट समय सीमा में तैयार करा लें। आयोग द्वारा दी गई चेकलिस्ट के अनुसार मिलान कराकर इनमें सामग्री रखें। रिटर्निंग ऑफीसर अपने स्तर पर स्टैंडिंग कमेटी का गठन करके उसकी नियमित बैठक सुनिश्चित करें। रिटर्निंग आफीसर कार्यालय में भी निर्वाचन संबंधी कार्य के कम्प्यूटराइजेशन की समुचित व्यवस्था करें। कलेक्टर ने कहा कि सभी एसडीएम मतदाता सूची से मृत मतदाताओं के नाम पृथक कराने के लिए रोजगार सहायक तथा बीएलओ के साथ बैठक करके निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार नाम पृथक कराएं। बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को डाक मतपत्र व्यवस्था, भोजन व्यवस्था, परिवहन व्यवस्था, वीडियोग्राफी तथा फोटोग्राफी, ईव्हीएम संचालन के प्रशिक्षण तथा पेड न्यूज की निगरानी के संबंध में निर्देश दिए। बैठक में वन मण्डलाधिकारी अनुपम शर्मा, सहायक कलेक्टर सोनाली देव, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रेयस गोखले, सभी एसडीएम तथा सभी नोडल अधिकारी उपस्थित रहे।

# हड़ताल पर बैठे पटबारियो ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि



जम्मू कश्मीर में कल एक आतंकी मुठभेड़ में शहीद हुए कर्नल मनप्रीत सिंह,मेजर आशीष धौंचक,डीएसपी हिमांशु भट,राइफल मैन रवि कुमार को आज लहार में अनिश्चित कालीन हड़ताल पर बैठे पटबारियो ने श्रद्धांजलि अर्पित की पटबारियो ने शहीद के चित्र पर माल्यार्पण किया और उन्हें ईश्वर अपने चरणों मे जगह दें को लेकर प्रार्थना की इस मौके पर प्रांतीय प्रवक्ता अर्चना भदौरिया,अध्यक्ष कमल कौरव,अध्यक्ष मिहोना विजय सिंह सेंगर,अध्यक्ष रौन अर्चना आजाद,संरक्षक धीरेंद्र सिकरवार, विजय शंकर दुबे,ब्रजेन्द्र सिंह राजावत,बिपिन झा,सुनील चौरसिया, दीपक,विजय,भगवानदास, शिव सिंह,कोक सिंह,संजीव,पवन,संध्या,उमाकांत,मंजू एवम समस्त पटबारीगण मौजूद रहे ।

नया इंडिया

भोपाल | शुक्रवार | 15 सितंबर 2023



## नोरा फतेही के फोटोज देख लट्टू हुए फैंस



बॉलीवुड की फेमस डांसर और अभिनेत्री नोरा फतेही आए दिन अपने बहतरीन लुक्स से इंटरनेट पर बिजलियां गिराती रहती हैं। लेटेस्ट तस्वीरों में एक्ट्रेस ने सिंपल सी साड़ी पहन कर एक बार फिर से सोशल मीडिया पर लाइमलाइट लूट ली है। इन तस्वीरों में उनकी कातिलाना अदाएं देखकर फैंस के दिलों पर खंजर चल गए हैं।

डांसिंग क्वीन नोरा फतेही ने हाल ही में अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरों से फैंस को दीवाना बना दिया है। इन तस्वीरों में नोरा फतेही ने ग्रीन कलर की बनारसी लुक में साड़ी पहनी हुई है,साथ ही डीपनेक ब्लाउज से अपने लुक को टिम अप किया हुआ है।

ओपन हेयर, कानों में झुमके और मिनिमल मेकअप कर के एक्ट्रेस नोरा फतेही ने अपने लुक को अच्छे से निखारा है। बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी हर एक लुक पर लाइक्स और कॉमेंट्स करते नहीं थकते हैं।

इन तस्वीरों में नोरा फतेही का खूबसूरत और कातिलाना अंदाज देखकर फैंस मदहोश हो गए हैं। नोरा फतेही ने इन तस्वीरों को क्लिक करवाते हुए एक से बढ़कर एक कातिलाना पोज दिए हैं। बता दें कि नोरा फतेही सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। साथ ही लाइफ से जुड़ी हर एक अपडेट्स फैंस के बीच शेयर करती हैं। एक्ट्रेस की इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं कि नोरा ने एक बार फिर अपने लुक से लाइमलाइट लूट ली है।

## रणदीप हुड्डा के सैड रोमांटिक ट्रैक का टीजर रिलीज



बॉलीवुड अभिनेता रणदीप हुड्डा के सैड रोमांटिक ट्रैक 'जोहराजबीं' का टीजर रिलीज हो गया है। रणदीप हुड्डा ने अपने सैड रोमांटिक ट्रैक 'जोहराजबीं' का टीजर रिलीज कर दिया है। रणदीप हुड्डा ने सोशल मीडिया पर गाने का टीजर शेयर करते हुए केप्शन में लिखा, 'प्यार पूरा हो या अधूरा..प्यार तो प्यार होता है। इस गाने में रणदीप के साथ 'बिग बॉस 16' फेम प्रियंका चाहर चौधरी नजर आएंगी। जानी के लिखे इस गाने को बी प्राक ने गाया है। पूरा गाना15 सितंबर को रिलीज होगा। जोहराजबीं के टीजर में रणदीप एक दिल टूटे आशिक बने हैं। रणदीप कभी अपने हाथ में बोतल फोड़ते तो कभी हीरोइन के पुतले को आग लगाते दिख रहे हैं।

## रेखा ने सबके सामने पैपराजी को मारा थप्पड़



सदाबहार अभिनेत्री रेखा के अनगिनत प्रशंसक हैं। हाल ही में रेखा को मुंबई में पैपराजी ने कैमरे में कैद किया। तस्वीर लेने गए एक फैन के साथ रेखा की उस हरकत का वीडियो वायरल हो गया है, जिसमें पैपराजी को फोटो लेने के बाद रेखा उनके गाल पर प्यार से थप्पड़ मारती हैं। वायरल हो रहे इस वीडियो में जब रेखा किसी इवेंट से निकलती हैं, तो पैपराजी फोटो और वीडियो लेने के लिए उमड़ पड़ते हैं। इसी बीच एक फैन उनके साथ फोटो क्लिक कराने आ जाता है। तभी पैपराजी को फोटो लेने के बाद रेखा उनके गाल पर प्यार से थप्पड़ मारती हैं। बीती रात मुंबई में ग्लोबल स्पा अवॉड्र्स का आयोजन किया गया। अवॉर्ड फंक्शन में रेखा, जरीन खान, वाणी कपूर, मानुषी छिल्लर और रणदीप हुडा समेत कई कलाकार शामिल हुए।



## विवेक अग्निहोत्री ने नाना पाटेकर को सराहा

फिल्म 'द वेक्सीन वॉर' का ट्रेलर हाल ही में रिलीज हुआ। फिल्म में अभिनेता नाना पाटेकर और अभिनेत्री पल्लवी जोशी मुख्य भूमिका में हैं। ट्रेलर रिलीज होने के बाद फिल्म के डायरेक्टर समेत लीड एक्टर्स ने मीडिया से बातचीत की। इस मौके पर नाना पाटेकर ने बॉलीवुड के मौजूदा हालात और फिल्मों पर टिप्पणी की। इसके साथ ही मीडिया से बातचीत करते हुए विवेक अग्निहोत्री और नाना पाटेकर ने पहली बार एक दूसरे के साथ काम करने के अनुभव पर भी कमेंट किया। नाना पाटेकर को फिल्म में कास्ट करते वक्त विवेक को कई लोगों ने नाना के गुस्सैल स्वभाव के बारे में भी बताया था, इतना ही नहीं बल्कि कुछ लोगों ने नाना को फिल्म में कास्ट करने को लेकर उनका मजाक भी उड़ाया था।

इस बारे में बात करते हुए विवेक अग्निहोत्री ने कहा, ईमानदारी से कहूं तो कई लोगों ने मुझसे कहा कि फिल्म में नाना को नहीं बल्कि किसी और को कास्ट किया जाए। कई लोगों ने कहा था कि अगर उनकी मर्जी के खिलाफ कुछ हुआ तो आपकी खैर नहीं। जब मैंने पल्लवी से इस बारे में पूछा तो मुझे एहसास हुआ कि जब काम की बात आती है तो नाना उतने अच्छे कलाकार नहीं हैं। उन्होंने आगे कहा, नाना पुणे के पास खडकवासला के पास एक फार्म हाउस में रहते हैं, मैं वहां गया, नाना ने हमारे लिए अच्छा खाना बनाया था। इसके बाद मैंने बिना किसी हिचकिचाहट के नाना से फिल्म के लिए पूछा और कहा, मैं जानना चाहता हूं कि जो रोल मैंने लिखा है, क्या आप बिल्कुल वैसा ही निभाएंगे। मैं एक बात गर्व से कहना चाहूंगा कि नाना सेट पर एक नए बच्चे की तरह व्यवहार करते थे। स्क्रीन पर साफ दिख रहा है कि नाना ने इस रोल के लिए काफी मेहनत की है।

## अजय देवगन ने किया सुपरनेचुरल थ्रिलर फिल्म का ऐलान

बॉलीवुड एक्टर अजय देवगन साल 2022 में रिलीज हुई फिल्म दृश्यम 2 में नजर आए थे। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त कमाई की थी। इस फिल्म के बाद से अजय देवगन किसी फिल्म में नजर नहीं आए हैं और फैंस उनकी अगली फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

अजय देवगन की पाइपलाइन में कई फिल्में हैं। फिलहाल, अजय देवगन के फैंस के लिए खुशखबरी है क्योंकि उनकी अगली फिल्म की रिलीज डेट सामने आई है। अजय देवगन की इस सुपरनेचुरल थ्रिलर फिल्म का टाइटल अभी सामने नहीं आया है। आइए जानते हैं कि अजय देवगन की सुपरनेचुरल थ्रिलर फिल्म कब सिनेमाघरों में रिलीज होगी और इसमें उनके साथ कौन-कौन से स्टार्स नजर आएंगे।

अजय देवगन ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्टर शेयर कर अपनी सुपरनेचुरल थ्रिलर फिल्म का अनाउंसमेंट किया है। अजय देवगन ने केप्शन लिखा है, कुछ चीजें एक



अलौकिक मोड़ लेने वाली हैं। विकास बहल के डायरेक्शन में बनने वाली एक दिलचस्प थ्रिलर में मैं, आर माधवन और ज्योतिका की तिकड़ी का गवाह बनूंगा। फिल्म 8 मार्च,2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। अजय देवगन के साथ इस फिल्म में आर माधवन और ज्योतिका भी नजर आएंगे। इस फिल्म के अनाउंसमेंट फैंस काफी एक्साइटेड हो गए हैं और इसकी रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

अजय देवगन, आर माधवन और ज्योतिका की इस फिल्म से गुजराती एक्ट्रेस जानकी बोदीवाला बॉलीवुड डेब्यू करने जा रही हैं। इस सुपरनेचुरल थ्रिलर फिल्म का निर्माण अजय देवगन, ज्योति देशपांडे, कुमार मंगत पाठक और अभिषेक पाठक कर रहे हैं। अजय देवगन की वर्क फ्रंट की बात तो वह पिछली बार दृश्यम 2 नजर आए थे। अक्षय कुमार की पाइपलाइन में मैदान, सिंघम अगेन, औरो में कहां दम था जैसी फिल्मों में काम करते नजर आएंगे। अजय देवगन के फैंस उनकी फिल्मों का बेसब्री से इंतजार हैं।

बहुरंग

## जवान ने सात दिनों 366 करोड़ रूपये की कमाई की



बॉलीवुड के किंग खान शाहरूख खान की फिल्म जवान ने सात दिनों में भारतीय बाजार में 366 करोड़ रूपये की कमाई कर ली है। एटली के निर्देशन में बनी शाहरुख खान की जवान 07 सितंबर को प्रदर्शित हुयी थी। फिल्म जवान को लेकर लोंगो में एक अलग ही क्रेज बना हुआ है। फिल्म को रिलीज हुए सात दिन हो चुके हैं। फिल्म जवान में बॉक्स ऑफिस पर ताबड़तोड़ कमाई कर रही है। जवान ने कई फिल्मों का भी रिकॉर्ड तोड़ दिया है। भारत में जवान का कुल कारोबार करीब 366 करोड़ रूपये हो गया है। जवान न सिर्फ भारत में बल्कि विदेश में भी खूब धमाल मचा रही है। गौरी खान और शाहरुख की कंपनी रेड चिलीज एंटरटेनमेंट के बैनर तले फिल्म जवान को प्रोड्यूस किया गया है। जवान में शाहरुख खान के साथ नयनतारा, विजय सेतुपति, प्रियामणि, सान्या मल्होत्रा, सुनील ग्रोवर और रिद्धि डोगरा भी शामिल है।

दिलचस्प

## पहली पत्नी रीना दत्ता संग नजर आए आमिर खान



बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट अभिनेता आमिर खान और उनकी पहली पत्नी रीना दत्ता दोनों का कई साल पहले तलाक हो गया था, लेकिन दोनों एक दूसरे से मिलते हैं। हाल ही में आमिर और रीना को मुंबई में एक शॉप से निकलते हुए देखा गया। इतना ही नहीं, उन्होंने तस्वीरें ले रहे फोटोग्राफर्स को खुशी-खुशी पोज भी दिए। आमिर ने नीला कुर्ता और जींस पहनी थी, जबकि रीना ने बैंगनी रंग का कुर्ता और सफेद पैंट पहनी थी। दोनों ने मुस्कुराते हुए फोटो खिंचवाई और फिर एक ही कार में बैठकर निकल गए। इसी बीच आमिर और रीना का ये वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है।

नेटिजन्स भी इस पर तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। कुछ ने कहा है कि दोनों साथ में बहुत अच्छे लगते हैं, तो कुछ ने कहा कि आमिर की दोनों पूर्व पत्नियों का हेयरस्टाइल एक जैसा है।

## ड्रीम गर्ल 2 बनी अनन्या की पहली 100 करोड़ी फिल्म



अनन्या पांडे आजकल अपनी फिल्म ड्रीम गर्ल 2 की सफलता का आनंद उठा रही हैं। इसमें उनकी जोड़ी पहली बार आयुष्मान खुराना के साथ बनी है।ड्रीम गर्ल 2 ने भारत में 100 करोड़ रुपये की कमाई का आंकड़ा पार कर लिया है, जिसके बाद अनन्या की खुशी सातवें आसमान पर है और हों भी क्यों न यह उनके करियर की पहली फिल्म है, जिसने 100 करोड़ रुपये कमाए हैं।ऐसे में हम आपको उनकी पिछली फिल्म की कमाई बताएंगे।अनन्या को पिछली बार विजय देवरकोंडा की लाइगर में देखा गया था। हालांकि, पिछले साल रिलीज हुई यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर औंधे मुंह गिरी। 90 करोड़ रुपये की लागत में बनी लाइगर ने 20.05 करोड़ रुपये का कारोबार किया था।इससे पहले 2019 में सिनेमाघरों में आई अनन्या की पति पत्नी और वो ने शानदार कमाई की थी, लेकिन यह 100 करोड़ी नहीं बन पाई।45 करोड़ रुपये के बजट में बनी फिल्म ने 86.89 करोड़ रुपये कमाए थे।अनन्या ने अपने अभिनय करियर की शुरुआत फिल्म स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2 से की थी।करण जोहर द्वारा निर्देशित इस फिल्म ने टिकट खिड़की पर 69.11 करोड़ रुपये का कारोबार किया है और फिल्म का निर्माण 65 करोड़ रुपये की लागत में बनाया गया था।अनन्या की कुछ फिल्में ओटीटी पर भी रिलीज हुई थी, जिसमें खाली पीली और गहराइयां (अमेजन प्राइम वीडियो) शामिल हैं।

# उपराष्ट्रपति श्री धनखड़ 15 सितंबर को माखनलाल चतुर्वेदी विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में उपाधियाँ प्रदान करेंगें एवं नवीन परिसर का करेंगे लोकार्पण

**उपराष्ट्रपति श्री धनखड़ द्वारा नवीन परिसर का लोकार्पण गौरव की बात- मंत्री राजेंद्र शुक्ल**

**जनसंपर्क मंत्री श्री शुक्ल ने कार्यक्रम तैयारियों की समीक्षा की**

**मुख्यमंत्री श्री चौहान वर्चुअली होंगे शामिल**

**भोपाल** ।उपराष्ट्रपति एवं कुलाध्यक्ष माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय श्री जगदीप धनखड़ गुरुवार 15 सितंबर को विश्वविद्यालय के भोपाल में बिसनखेड़ी स्थित नवीन परिसर का लोकार्पण करेंगे। साथ ही एमसीयू के चतुर्थ दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों को उपाधियाँ प्रदान करेंगे। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान कार्यक्रम में वर्चुअली शामिल होंगे। जनसंपर्क एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि उपराष्ट्रपति श्री धनखड़ द्वारा एमसीयू के नवीन परिसर का लोकार्पण किया जाना गौरव की बात है। मंत्री श्री शुक्ल ने तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने परिसर के कार्यक्रम स्थलों का भी मुआयना किया और सुरक्षा व्यवस्था एवं आवागमन रूट की जानकारी प्राप्त की। जनसंपर्क मंत्री ने एमसीएयू के रीवा परिसर के निर्माण कार्यों की



प्रगति की समीक्षा की। रीवा परिसर में विद्यार्थियों की सुविधा हेतु हॉस्टल, खेल सुविधाओं के साथ फैकल्टी आवास के संबंध में मंत्री श्री शुक्ल ने आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने रीवा परिसर के खंड-1 के 20 सितंबर को प्रस्तावित लोकार्पण की तैयारियों की जानकारी प्राप्त कर आवश्यक निर्देश दिये।मंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि विश्वविद्यालय की सफलता का ही प्रभाव हैं कि आज लाखों विद्यार्थी विभिन्न परिसरों के माध्यम से जुड़कर पत्रकारिता की विभिन्न विधा प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया आदि में शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। विश्वविद्यालय की निरंतर प्रगति ऐतिहासिक है, उन्होंने कुलपति प्रो.के. जी. सुरेश सहित विश्वविद्यालय के समस्त स्टाफ को इस उपलब्धि के लिये बधाई एवं भविष्य के लिए शुभकामनायें दीं। रेडियो-कर्मवीर जन-जन तक विकासपरक जानकारी मुहैया कराने का उत्कृष्ट माध्यमजनसंपर्क मंत्री श्री शुक्ल ने 15 अगस्त से प्रारंभ विश्वविद्यालय के परिसर में संचालित सामुदायिक रेडियो ÷रेडियो-कर्मवीर÷ के सफल संचालन के लिये कुलपति, संबंधित छात्रों एवं शैक्षणिक स्टाफ को बधाई दी। जनसंपर्क मंत्री ने कहा कि शासन की जनहितकारी योजनाओं की जानकारी दूरस्थ छोर के व्यक्ति तक पहुँचाने में रेडियो आज भी प्रासंगिकहै। माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय कुलपति प्रो.(डॉ) के.जी. सुरेश ने बताया कि दीक्षांत समारोह में जून 2018 से दिसंबर 2022 के उत्तीर्ण विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की जाएँगी। जिसमें स्नातकोत्तर एवं पीएचडी के 23 विद्यार्थियों सहित लगभग 500 विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की जाएगी। प्रो. सुरेश ने विश्वविद्यालय के नवीन परिसर के बारे में जनसंपर्क मंत्री श्री शुक्ल को विस्तापूर्वक जानकारी प्रदान की। विश्वविद्यालय के भोपाल सहित पांच परिसर और सोलह सौ अध्ययन केंद्र हैं। जिनमें लगभग दो लाख विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। विश्वविद्यालय के नवीन परिसर में दो अकादमिक भवन तक्षशिला एवं विक्रम शिला हैं। विश्वविद्यालय के चार-चार मंजिला भव्य इन दो ब्लॉक में कुल दस विभाग संचालित होते हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत भारतीय भाषा विभाग की भी स्थापना की गई है। परिसर में नालंदा पुस्तकालय में 42 हजार से ज्यादा पत्रकारिता, मीडिया, जनसंचार, प्रबंधन, विज्ञापन, जनसंपर्क,



कम्प्यूटर आदि अन्य विषयों की महत्वपूर्ण पुस्तकें है। साथ ही हर विभाग की अपनी लाईब्रेरी भी है। हर विभाग का अपना सभागार एवं कांफ्रेस हॉल भी है। गणेश शंकर विद्यार्थी सभागार में एक साथ लगभग साढ़े आठ सौ से अधिक लोग बैठ सकते हैं। लगभग साढ़े चार सौ की बैठक व्यवस्था वाला तानसेन मुक्ताकाश मंच भी है। माखनपुरम परिसर में प्रोफेसर्स, अधिकारी, कर्मचारियों के लिए आवास की सुविधा भी है। उल्लेखनीय है कि विश्वविद्यालय को इंडिया टुडे पत्रिका एवं द वीक द्वारा देश की टॉप-10 उत्कृष्ट विश्वव्द्यिालय की सूची में शामिल किया गया है। विश्वविद्यालय राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) को लागू करने वाला देश का पहला मीडिया विश्वविद्यालय है। सचिव जनसंपर्क श्री विवेक कुमार पोरवाल, आयुक्त मध्यप्रदेश हाउसिंग बोर्ड श्री चन्द्रमौली शुक्ला, विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ अविनाश वाजपेयी सहित प्रशासनिक अधिकारी, विश्वविद्यालय के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, विभाग अध्यक्ष एवं प्राध्यापक उपस्थित थे।

## मध्य भारतीय हिन्दी साहित्य सभा ग्वालियर द्वारा हिन्दी दिवस पर हुआ विभूतियों का सम्मान




**महेंद्र शर्मा उप संपादक**
**पुष्पांजलि टुडे**

**ग्वालियर।** मध्यभारतीय हिन्दी साहित्य सभा ग्वालियर के तत्वावधान में ÷हिन्दी दिवस ÷के अवसर पर ÷ हिन्दी सेवी सम्मान, अहिन्दी भाषी हिन्दी सेवी सम्मान,आदर्श शिक्षक, आदर्श शिक्षिका सम्मान, सहित वर्तमान परिवेश में साहित्य का योगदान, अमृत काल÷ के संदर्भ में विषय पर संगोष्ठी सभा सभा भवन दौलतगंज लश्कर ग्वालियर में आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय पुस्तक न्यास दिल्ली के पूर्व अध्यक्ष प्रोफेसर गोविंद प्रसाद शर्मा ने की। मुख्य अतिथि के रूप में राम किशोर उपाध्याय उपस्थित रहे। कार्यक्रम में हिन्दी सेवी सम्मान डबरा के वरिष्ठ साहित्यकार रामगोपाल तिवारी ÷भावुक÷ को प्रदान किया गया। अहिन्दी भाषी हिन्दी सेवी सम्मान साहित्यकार व्यंकटेश बलवंत वाकडे को , आदर्श शिक्षक सम्मान डॉ अशोक मिश्रा एवं आदर्श शिक्षिका सम्मान डॉ शशि प्रभा पौराणिक को प्रदान किया गया। प्रारम्भ में अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया। सरस्वती वंदना व्याप्ति उमड़ेकर ने प्रस्तुत की। अतिथियों का स्वागत दिनेश पाठक एवं सभाध्यक्ष कुमार संजीव ने शॉल ,श्रीफल एवं पुष्पहार से किया।



कार्यक्रम की भूमिका एवं विषय प्रवर्तन साहित्य सभा की उपाध्यक्ष डॉ .पद्मा शर्मा ने किया। कार्यक्रम का संचालन कुंदा जोगलेकर ने किया। सभी विभूतियों को सम्मानित किया गया, प्रशस्ति वाचन दिनेश पाठक कार्यक्रम संयोजक ने किया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए डॉ राम किशोर उपाध्याय ने कहा, जब हम वर्तमान परिवेश में साहित्य का योगदान विषय की मीमांसा करते हैं तब पाते हैं ,कि हमें अपने गौरवशाली अतीत की झलक साहित्य और संस्कृति के माध्यम से प्राप्त होती है। यही कारण है कि देश विरोधी शक्तियां भारती साहित्य परंपरा का विरोध करती हैं।हमारी साहित्य परंपरा ऋग्वेद से आरंभ होकर आज तक सतत समृद्ध हो रही है। पराधीनता काल में विदेशियों ने इसे भारी क्षति पहुंचाई,कम्युनिस्ट साहित्यिकों ने इसे मिटाने का असफल प्रयास भी किया, किंतु आज अमृत काल में यह पुनः राष्ट्र बोध कराने का कार्य कर रही हमें अपने राष्ट्रहित में अपनी संस्कृति, अपनी पहचान एवं अपने स्वय को पहचानना होगा एवं भारत की निरंतर सेवा करनी होगी। अध्यक्षता कर रहे गोविंद शर्मा ने साहित्यकारों को कर्तव्य निष्ठ रहकर विषम परिस्थितियों में भी सकारात्मक दृष्टिकोण रखना चाहिए। उन्होंने आह्वान किया कि सनातन को कोई समाप्त नहीं कर सकता , हमें सतर्क रहकर विसंगतियों को दूर करने हेतु हमें निरंतर प्रयास करना चाहिए। अपने परिवेश को अधिक से अधिक मजबूत एवं प्रगतिशील बनाने का प्रयास करते हुए नकारात्मकता को भी सकारात्मक में बदलने का प्रयास करना चाहिए।उन्होंने साहित्य सभा के कार्यक्रम को बहुत ही सराहना करते हुए सभा को सक्रिय एवं अग्रणी संस्था बताया। इस अवसर पर राज किशोर वाजपेई , डॉक्टर लोकेश तिवारी, डॉ मंजू लता आर्य,सुरेश हिंदुस्तानी , सुरेंद्र तिवारी, रामचरण रुचिर ,दिलीप मिश्रा ,श्याम स्वरूप श्रीवास्तव ,उमा कंपूवाले, सुरेश मेंडसुरे, डॉक्टर श्रद्धा सक्सेना, प्रकाश मिश्रा ,राजेंद्र टेम्बे, राम चंद्र किलेदार ,विजय जोशी, अंकुर चौरसिया ,रेखा दिक्षित राजवीर खुराना सुधीर चतुर्वेदी, माता प्रसाद शुक्ल , अर्चना कंसल ,सतीश पाठक ,सचिन सेजवार, उपेंद्र कस्तूर,सुरेंद्र तिवारी सहित अनेक गणमान्य जन्म साहित्यकार एवं युवा साहित्यकार उपस्थित रहे कार्यक्रम के अंत में सभी का आभार प्रदर्शन सभा अध्यक्ष कुमार संजीव ने किया। कार्यक्रम के समापन पर वंदे मातरम गीत व्याप्ति उमड़ेकर ने प्रस्तुत किया । तत्पश्चात् सभी ने स्वल्पाहार लिया। कार्यक्रम बहुत ही सराहनीय एवं उत्कृष्ट रहा। इस अवसर पर मध्यभारतीय हिन्दी साहित्य सभा में वरिष्ठ साहित्यकार,नवोदित साहित्यकारों सहित शहर के साहित्यकारों एवं साहित्य अनुरागियों को अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में सहभागिता की।

## समर्थ परिवार के द्वारा बाँदकपुर में जनकल्याण कार्यक्रम हुआ सम्पन्न





**पुष्पांजली टुडे**

**दमोह।** जिले के बांदकपुर क्षेत्र एस बी परिवार फाउंडेशन समर्थ परिवार राष्ट्र स्तरीय जन कल्याण हेतु समर्पित संस्थान है जो राजस्थान,मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड राज्यों में जन सेवा हेतु कार्यरत है। समर्थ परिवार मुख्य रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक रूप से पिछड़े परिवारों को अपनी जनकल्याण कारी योजनाओं के माध्यम से विकास की मुख्य धारा में लाने को प्रयासरत है। समर्थ परिवार से मध्य प्रदेश प्रतिनिधि तुलसा प्रजापति, शैफ़ाली नाकडा एवं जयपुर टीम से अर्जित सिंह राठौड़, प्रभु लाल एवं संतोष कुमार सालवी द्वारा दमोह में जन जागरूकता मीटिंग में बताया गया कि समर्थ परिवार की इन जन कल्याणकारी योजनाओं की वजह से हर गाँव समर्थ गाँव बन पाएगा और समर्थ सेवाओं को घर घर पहुँचाने के लिये ग्राम स्तर पर कार्यकर्ता की आवश्यकता होने से हर गाँव से एक महिला के लिए स्वरोज़गार का अवसर बनेगा जो उस परिवार के लिय आर्थिक समृद्धि की वजह बनेगा और उस पूरे ग्राम के लिए विकास का आधार बनेगा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाओ कि उपस्थिति रही।

### लीनेस क्लब द्वारा हिंदी दिवस का भव्य आयोजन सम्पन्न हुआ

**पुष्पांजली टुडे**

दमोह।लीनेस क्लब द्वारा हिंदी दिवस का भव्य आयोजन कोपरा नदी किनारे सम्पन्न हुआ। जिसकी प्रोजेक्ट डायरेक्टर ज्योति चक्रवर्ती और भावना शिवहरे रही। हिंदी से जुड़ी प्रतियोगिता मेंबर्स के बीच बहुत रोचक रही। साथ ही हिंदी के महत्व पर वक्तव्य जारी किए गए।अध्यक्ष रोजी बग्गा ने कहा हिंदी महज एक भाषा नहीं, अपितु हमारे जीवन मूल्यों, संस्कारों तथा राष्ट्रीय एकता का बोध कराने वाली पूरी संस्कृति है। रजनी खरे सचिव ने सभी को विचार रखते हुए बताया कि अपने देश को एकता के सूत्र में बाधने वाली 'हिंदी' सिर्फ एक भाषा नहीं बल्कि भावों की अभिव्यक्ति है।सभी लीनेस बहनों ने नदी किनारे बसे मंदिर में पूजा अर्चना की । उपाध्यक्ष स्मृति खरे ने सभी से आवाहन किया क आईये, हम सब मिलकर अपनी मातृभाषा हिंदी को अधिक से अधिक उपयोग में लायें । कोषाध्यक्ष ज्योति सचदेवा ने सभी को हिंदी दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी।

## प्रदेश महामंत्री पं मनु मिश्रा के नेतृत्व में सर्वे और मुआवजे की मांग को लेकर दमोह किसान कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

**पुष्पांजली टुडे**

दमोह। जिले में वर्षा से प्रभावित हुई उड़द की फसलों का तत्काल सर्वे एवं बटियागढ़ के ग्राम घुराटा के किसान द्वारा की गई आत्महत्या में पीड़ित परिवार को सहायता राशि दिलाए जाने की मांग को लेकर किसान कांग्रेस द्वारा मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में उपस्थित प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री पं मनु मिश्रा एवं किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष नितिन मिश्रा ने कहा कि जिले में पहले अल्प वर्षा हुई जिससे किसानों की सोयाबीन और धान की फसल प्रभावित हुई उसके बाद लगातार बारिश होने से उड़द की फसल को अत्यधिक नुकसान हुआ है जिले में उड़द की फसल पूर्णतया नष्ट हो गई है परंतु उसके बाद भी फसलों का ना तो सर्वे किया गया है ना ही किसी प्रकार की मुआवजा राशि किसानों को दी गई है। इन्हीं सभी बातों से निराश होकर बटियागढ़ के ग्राम घुराटा के किसान सरूप सिंह ने दो दिन पहले आत्महत्या



कर ली यह बहुत दुखद घटना है किसान कांग्रेस के शहर अध्यक्ष पप्पू कुशवाहा बटियागढ़ के ब्लॉक अध्यक्ष राजेश राय ने कहा कि मृतक किसान के परिजन को तत्काल 10 लाख रुपए की सहायता राशि प्रदान की जाए साथ ही जिले में फसलों का तत्काल सर्वे कर उचित मुआवजा दिया जाए अल्पसंख्यक मोर्चा के शहर अध्यक्ष शमीम कुरैशी समाज कल्याण प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डीपी पटेल अनुसूचित जाति मोर्चा के अध्यक्ष अजय जाटव ने कहा की उड़द की करोड़ों रुपए की भावांतर की राशि जिले में शेष है जिसका भुगतान करने का इंतजार किसान कर रहे हैं उक्त राशि का किसानों को जल्द से जल्द भुगतान किया जाए ज्ञापन में इस बात का भी उल्लेख किया गया है की मांगों पर कार्रवाई नहीं हुई तो बटियागढ़ तहसील में किसानों का विशाल आंदोलन कर घेराव किया जाएगा इसकी संपूर्ण जवाबदारी प्रशासन की होगी ज्ञापन सौंपते समय के के अग्रवाल, गोपाल रैकवार, राजकुमार कुशवाहा, धर्मेंद्र अग्रवाल, खिल्लू ठाकुर, नरेश अहिरवाल, गिरीश मिश्रा, विजय मिश्रा, राजेश राय, मुकेश रोहित, समीम कुरेशी, पप्पू कुशवाहा, परसोत्तम कुशवाहा, धर्मेंद्र अहिरवार,एवं समस्त कांग्रेस जन उपस्थित रहे।



## प्रीति गौतम बनी महिला कांग्रेस की कार्यकारी जिला अध्यक्ष

**पुष्पांजली टुडे**

दमोह। मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष विभा पटेल द्वारा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कमलनाथ पूर्व मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार जिला महिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष पद पर श्रीमती प्रीति गौतम को नियुक्त किया गया है।इनकी नियुक्ति पर दमोह विधायक,जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रतनचंद जैन, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रंजीता गौरव पटेल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती मंजू देवलिया,मनीषा दुबे द्वारा बधाई प्रेषित कि गयी।

**कांग्रेस की सरकार बनते ही पटवारियों की मांगे होंगी पूरीः इंजी. राजेंद्र शर्मा**

## रीवा |कलेक्ट्रेट के सामने आंदोलनरत पटवारियों के समर्थन में पहुंचे कांग्रेस जिलाध्यक्ष इंजी. राजेन्द्र शर्मा

रीवा 14 सितम्बर। 28 अगस्त से अपनी विभिन्न मांगों को लेकर प्रदेश भर में पटवारी आंदोलनरत हैं। इसी क?ी में वेतनमान सहित विभिन्न मांगों को लेकर पटवारी संघ के बैनर तले रीवा में भी आंदोलन जारी है। रीवा शहर के कलेक्ट्रेट के सामने स्थित धरना स्थल में आंदोलनकारी पटवारियों की भाजपा सरकार ने अब तक सुध नहीं ली है। आज जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष इंजी. राजेंद्र शर्मा धरना स्थल पहुंचकर पटवारियों के आंदोलन का समर्थन किया। जिला अध्यक्ष श्री शर्मा ने कहा कि पटवारी लगातार पिछले 18 दिनों से ह?ताल में बैठे हुए हैं लेकिन प्रदेश की भाजपा सरकार को इनकी कोई चिंता नहीं है और ना ही कोई खोज खबर ले रही है। कांग्रेस पार्टी ने यह निर्णय लिया है कि हम इन्हें समर्थन करेंगे। पटवारियों का वेतन रू. 2100 ग्रेट पे से शुरू हुआ था सभी के वेतन



में वृद्धि की गई लेकिन पटवारी का वेतन शुरुआत से जो था वही है। पटवारियों के साथ लगातार अन्याय किया जा रहा है पटवारी सभी प्रकार के प्रशासनिक कार्यों की री? होता है। राजस्व के अलावा सभी प्रकार के प्रशासनिक कार्य चाहे वह जनगणना का हो, ओलावृष्टि का सर्वे का हो सभी प्रकार के काम पटवारी ही करते हैं यहां तक की सरकार आजकल भीढ़ ढोने का काम भी पटवारियों से ही करवा रही है। पटवारियों को यात्रा भत्ता भी बहुत कम दिया जाता है जब की पटवारी हल्का एक बडा क्षेत्र होता है लेकिन इसके बावजूद भी सरकार द्वारा यात्रा भत्ता बहुत कम दिया जाता है इसलिए जिला कांग्रेस कमेटी पटवारियों के साथ खड़ी हुई है। यदि कमलनाथ जी के नेतृत्व में मध्य प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनती है तो सबसे पहले प्राथमिकता के आधार पर पटवारियों की मांगे पूरी की जाएगी।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478